




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 24 जून 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 147 | मूल्य - 5 रुपये














## राष्ट्रपति ने ममूटी, अलका याग्निक, रोहित शर्मा समेत अन्य को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया..





नई दिल्ली (भाषा)।

***राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी विजय अमृतराज, क्रिकेटर रोहित शर्मा, अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित***

किया। इस समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में इन हस्तियों को सम्मानित किया। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश केटी थॉमस को जन-सेवा के लिए और मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य और शिक्षा में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति ने अलका याग्निक, ममूटी, अमेरिकी डॉक्टर दत्तात्रेयडु नोरी, टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, उद्योगपति एसकेएम माएलानंदन और समाजसेवी व शिक्षाविद वी नटेसन को पद्म भूषण से सम्मानित किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन ने दिवंगत नेता की ओर से पद्म भूषण सम्मान ग्रहण किया। राष्ट्रपति ने क्रिकेटर रोहित शर्मा और हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया को पद्म श्री से सम्मानित किया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पिछला टी20 विश्वकप जीता था। सुशील कुमार, योगेश्वर दत्त और रवि दहिया जैसे ओलंपिक पदक विजेताओं के कोच तथा जॉर्जिया निवासी व्लादिमीर मेस्तविरीश्विली को मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह सम्मान ग्रहण किया। नगालैंड के 83 वर्षीय लोक कलाकार और सांस्कृतिक संरक्षक गुरु सांग्युसांग पोंगेनर ने समारोह में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। पारंपरिक नगा वेशभूषा में उनके प्रवेश के समय प्रधानमंत्री मोदी सहित दर्शकों ने ज़ोरदार तालियां बजाई। उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के नक्सल-प्रभावित बस्तर क्षेत्र में शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करने वाली समाज सेविका बुधरी ताती को भी पद्म श्री मिला। वह भी अपनी पारंपरिक वेशभूषा में थीं और सम्मान लेने के लिए मंच तक जाते समय खूब तालियां बजीं। राष्ट्रपति ने अभिनेता सतीश शाह को मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया। उनके भाई ने उनकी ओर से यह सम्मान ग्रहण किया।

प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी (सीईओ) और अभी सीबीएफसी के अध्यक्ष शशि शेखर वेम्पति को भी राष्ट्रपति ने पद्म श्री से सम्मानित किया। समारोह में राष्ट्रपति ने कुल 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री शामिल थे। अभिनेता आर. माधवन, एयरोस्पेस वैज्ञानिक चंद्रमौली गड्डमानुगु, आर.वी.एस. मणि और दलित परिवार से ताल्लुक रखने वाले तथा खुद के दम पर सफ्ल उद्यमी बने अशोक खाडे को भी पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

रेलवे गार्ड रहते हुए प्रेरणादायक साहित्य लिखने वाले दलित लेखक अशोक कुमार हलदर, कर्नाटक संगीत के लिए रंजनी और गायत्री, अभिनेता अनिल कुमार रस्तोगी और प्रोफेसर महेंद्र नाथ रॉय को भी पद्म श्री से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पद्म पुरस्कार अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन सेवा और समर्पण का सम्मान हैं।

उन्होंने लिखा, पुरस्कार पाने वाले हर व्यक्ति समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की सबसे अच्छी मिसाल हैं। उनका जीवन अनगिनत नागरिकों को प्रेरित करता है और सभी को कड़ी मेहनत एवं सेवा की ताकत की याद दिलाती है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, सरकार ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी, जिनमें पांच पद्म विभूषण पुरस्कार शामिल थे। राष्ट्रपति ने 25 मई को आयोजित पहले नागरिक सम्मान समारोह में 65 पद्म पुरस्कार दिए थे। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। ये पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए दिए जाते हैं जिनमें कला, समाज सेवा, जन-सेवा, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है, जबकि पद्म भूषण उच्च स्तर की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में योगदान के लिए दिया जाता है।


## भुवनेश्वर में छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

भुवनेश्वर, (भाषा)।

भुवनेश्वर में एक निजी शिक्षक को अपनी छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि करीब 16 वर्षीय पीड़िता ने अपने माता-पिता को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने सोमवार को मनचेश्वर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर यह गिरफ्तारी की गई। पुलिस के मुताबिक, शिक्षक (38) के खिलाफयौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और उसकी मेडिकल जांच रिपोर्ट का इंतजार है।






## पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी की खाई में धक्का देकर की गई हत्या, मंगेतर सहित दो गिरफ्तार..




पुणे, (भाषा)।

***महाराष्ट्र के पुणे जिले में इंदौर के सोनम रघुवंशी जैसा मामला सामने आया है, जिसमें विवाह पूर्व मंगेतर ने साजिश रचते हुए अपने रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक और होने वाले पति केतन विशाल अग्रवाल की सुनियोजित तरीके से खाई में धक्का देकर हत्या कर दी। फिर उसे हादसे***

का रूप देने की कोशिश की गई। पुलिस ने मंगलवार को यह सनसनीखेज खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि मामले में केतन की मंगेतर और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना 18 जून की है और शुरुआत में इसे लोहागढ़ किले से पैर फिसलने के कारण हुई दुर्घटना माना जा रहा था, लेकिन गहन जांच में यह सुनियोजित हत्या की साजिश निकली।

दोनों आरोपियों को मंगलवार को पुणे जिले के मावल तहसील की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 29 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि इससे पहले यह माना जा रहा था कि केतन, जिनकी बाद में चोटों के कारण मौत हो गई थी, तस्वीर खींचने के दौरान दुर्घटनावश खाई में गिर गए थे। पुलिस ने बताया कि केतन अपनी मंगेतर सिया गोयल का जन्मदिन मनाने के लिए 18 जून को लोहगढ़ ट्रेकिंग पर गए थे। दोनों की शादी नवंबर में होने वाली थी। खबरों के मुताबिक, दोनों परिवारों ने शादी के लिए राजस्थान में 17 करोड़ रुपये में एक महल बुक किया था और मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए दो निजी विमानों की व्यवस्था की गई थी।

सिया ने शुरुआत में पुलिस को बताया कि तस्वीर खिंचवाते समय केतन का पैर फिसल गया और वह खाई में गिर गया। तीन घंटे चले बचाव अभियान के बाद बचाव दल ने केतन का शव बाहर निकाला। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सिया और उसके प्रेमी चेतन बाबूलाल चौधरी ने केतन को धक्का देकर उसकी हत्या कर दी और इसे एक हादसे के रूप में दिखाने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि शुरू में इसे दुर्घटना का मामला माना जा रहा था, लेकिन जांच के दौरान हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने बताया कि मौत की परिस्थितियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की। उन्होंने कहा, ÷हमारी टीम ने वित्तीय विवादों और व्यक्तिगत संबंधों समेत विभिन्न पहलुओं की जांच की। इसी दौरान पता चला कि सिया का पुणे के कोंढवा निवासी चेतन (22) के साथ प्रेम संबंध था। पुलिस के अनुसार, जांच में यह भी सामने आया कि सिया केतन से शादी नहीं करना चाहती थी और उसे अपने तथा चेतन के रिश्ते में बाधा मानती थी। इसके बाद दोनों ने कथित तौर पर केतन को रास्ते से हटाने की साजिश रची। अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि साजिश के तहत सिया घूमने के बहाने केतन को लोहागढ़ किले पर ले गई, बाद में चेतन को भी वहां बुलाया गया और दोनों ने मिलकर केतन को खाई में धक्का दे दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा, केतन के पिता विशाल अग्रवाल की शिकायत के आधार पर लोनावला ग्रामीण पुलिस ने मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत हत्या और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया। विशाल अग्रवाल ने कहा, ÷जब पुलिस मेरे बेटे का शव लेकर आई, तो सिया ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उसके चेहरे पर कोई गम नहीं था। लोहागढ़ किला मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दुर्ग है। यह महाराष्ट्र के उन 12 किलों में शामिल है, जिन्हें यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में जगह हासिल है।

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# बारिश में किसी भी स्कूल की छत टपकने की शिकायत मिलेगी तो होगी अधिकारी पर कार्रवाई..

## टीएल बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर दिये चेतावनी के साथ दिशा निर्देश..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***23 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय-सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे,***

श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को सख्त निर्देश दिए कि जिले के किसी भी जर्जर शाला भवन में कक्षाएं संचालित नहीं की जाएं। उन्होंने इस संबंध में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि वर्षा ऋतु में किसी विद्यालय की छत से पानी टपकने या दीवारों का प्लास्टर गिरने जैसी शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री मीना ने उपसंचालक कृषि को एपीसी बैठक में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके।

### बिजली सुरक्षा एवं सोलर ऊर्जा को बढ़ावा..

बैठक में विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि जिले में कहीं भी बिजली के झूलते या लटकते तार नहीं रहने चाहिए, जिनसे दुर्घटना की आशंका हो। ऐसे तारों का सुधार कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अक्षय ऊर्जा अधिकारी एवं विद्युत विभाग को अधिक से अधिक शासकीय भवनों में सोलर पैनल लगाने के लिए अनुबंध प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि 24 भवनों में अनुबंध हो चुका है तथा दो दिनों में आठ और भवनों को शामिल किया जाएगा।

### वन पट्टाधारक किसानों को मिले सभी सुविधाएं

कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ को निर्देशित किया कि वन पट्टाधारक किसानों को खरीफ फसलों के लिए बीज एवं खाद उपलब्ध कराई जाए तथा सभी पात्र किसानों के केसीसी कार्ड बनाए जाएं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए गए कि आहार अनुदान योजना के अंतर्गत सभी पात्र बैगा महिलाओं को समय पर लाभ मिले। कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा को निर्देशित किया गया कि कामधेनु योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पशुपालकों के प्रकरण तैयार कर उन्हें बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

### आंगनवाड़ी केंद्रों में तकनीक आधारित शिक्षा पर बल

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में उपलब्ध एलईडी टीवी के माध्यम से बच्चों को शिक्षा एवं ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशिक्षित करने को कहा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रसूति सहायता योजना एवं जननी सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरणों का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि इन योजनाओं के मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत प्राचीन पांडुलिपियों एवं दस्तावेजों का संकलन कर उनके डिजिटलीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### संबल योजना एवं बीमा योजनाओं की समीक्षा

श्रम पदाधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोडने पर बल दिया गया।

बैठक में आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले सघन पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो निरोधक दवा से वंचित न रहे। अभियान में सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### सीएम हेल्पलाइन पर सख्ती

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए गए।

# बालाघाट जिले में 24 जून से 27 जून तक हल्की वर्षा एवं आंधी-तूफान की संभावना..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पांच दिवसीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 24 जून से 27 जून 2026 के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस अवधि में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल्के बादल छाए रहने, हल्की वर्षा होने तथा कहीं-कहीं बिजली गिरने और आंधी-तूफान की संभावना व्यक्त की गई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र बडगांव-बालाघाट के वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र अगासे ने बताया कि जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने किसानों एवं आम नागरिकों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है। पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में जिले का अधिकतम तापमान 38.3 से 38.7 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 25.3 से 25.7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं सुबह के समय वायुमंडलीय आर्द्रता 75 से 76 प्रतिशत तथा दोपहर में 56 से 57 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस अवधि में दक्षिण दिशा से लगभग 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की संभावना है। कृषि विज्ञान केन्द्र ने किसानों को मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों की योजना बनाने तथा बिजली गिरने एवं तेज हवाओं के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी है। जिला कृषि मौसम इकाई ने बताया कि मौसम संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए किसान नियमित रूप से विभागीय सलाह एवं मौसम पूर्वानुमान पर नजर बनाए रखें।

# सरदार पटेल हॉस्पिटल द्वारा जामिया नूरिया में किया गया विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

सरदार पटेल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी, बालाघाट द्वारा जामिया नूरिया प्रबंधन समिति के सहयोग से जामिया नूरिया, बैहर रोड, बालाघाट में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

शिविर के दौरान नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, रक्तचाप (बी.पी.) जांच, बोन मिनरल डेंसिटी जांच, विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किए गए। शिविर में सरदार पटेल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉ. प्रिंस वर्मा ब्रेन एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ, डॉ. शुभम वैद्य ऑर्थोपेडिक एवं हिप-जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, डॉ. प्रवीण जयराजन मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. उमंग बघेल जनरल फिजिशियन एवं पैथोलॉजिस्ट, डॉ. निकलेश वासनिक जनरल सर्जन, डॉ. रश्मि सकारवाड़े स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं का गहन परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही अनेक गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर समय पर उपचार एवं स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना एवं प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क एवं रियायती उपचार सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

# इनर व्हील क्लब ऑफ बालाघाट टाइग्रेस द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

इनर व्हील क्लब ऑफ बालाघाट टाइग्रेस द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका श्रीमती रोशनी सचदेव ने सभी सदस्याओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। सभी सदस्याओं ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ, सकारात्मक एवं संतुलित जीवन जीने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष राधिका असाटी, सचिव सोनल गांधी, मनीषा छट्टानी, रानी धनवानी, रिया पसरीचा, गुरमीत त्रिवेदी, अर्चना गुप्ता, ममता चंदेल, शिखा चावड़ा, ममता गांधी, शालू गांधी, प्रीति सेठिया, ममता कश्यप, रिया पोतानी गीता धनवानी एवं कल्पना छट्टानी सहित क्लब की अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में क्लब की ओर से योग प्रशिक्षिका श्रीमती रोशनी सचदेव का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन स्वास्थ्य, जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रेरणादायक संदेश देने वाला रहा। योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और आनंदमय जीवन जीने की कला है।

दैनिक जगप्रेरणा मे क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन मे प्रकाशित किये जाते है। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

# एक पेड़ मां के नाम रोपित कर बालाघाट भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के उद्घोषक, शिक्षाविद्, विचारक, मां भारती के सच्चे सपूत, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा ही समर्पण और सेवा ही संगठन भाव से मनाया गया।

इसी तरह भाजपा के संगठनात्मक 37 मंडलों, 1785 बूथों में बलिदान दिवस पर राष्ट्रभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर पुष्प अर्चन किया गया। वहीं एक पेड़ मां के नाम रोपित कर सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाए हम के संदेश का अनुसरण किया। अपनी शब्दांजलि में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री ने कहा, डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन और अपने बलिदान, दोनों से ही इस देश को प्राण दिए। उनके लिए भारतीय होने का अर्थ राजनीति के कपट जाल में फंसना नहीं, वरन् उस कपट जाल को तोडना था। बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी कि आज जो पंजाब और बंगाल का हिस्सा भारत में दिखता हैं, उसके पीछे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जुझारूपन और आंदोलन मुख्य कारण रहे हैं। डॉ. मुखर्जी के वह शब्द इतिहास में प्रसिद्ध हैं, जब उन्होंने कहा था, कांग्रेस ने हिन्दुस्तान का बंटवारा किया और मैंने पाकिस्तान का। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह मोहारे, किशोर अमूले, जिला कोषाध्यक्ष किरणभाई त्रिवेदी, जिला मंत्री सुधीर चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर, जितेन्द्र चौधरी, जिला कार्यालय मंत्री सुमित यादव, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, रेखा कालबेले, धर्मकला देशमुख, सरिता दाँदरे, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, संदीप रामटेकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष फूलचंद सहारे, कविता देशमुख, संबलसिंह धुर्वे, राणा कल्याणसिंह, खुशबू बिसेन, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पा अमूले, भुवन रहंगडाले, शंकरलाल बिसेन, किशोर पालीवाल, यशवंत लिल्हारे, सिद्धांत पाटिल, खिमेन्द्र गौतम, गिरीश बिसेन,ज्ञराम मिश्रा, प्रज्जवल चौरसिया, सिद्धार्थ वाजपेई, विक्की बिसेन, अनमोल रामटेके, शशांक डोंगरे, सरोज जुझार बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जनकल्याण का संकल्प लेते हुए श्रृद्धा सुमन अर्पित किया।

ARIHANT INSTITUTE OF COMPUTERS AND INFORMATION TECHNOLOGY
Near Digamber Jain Mandir, Main Road, Balahat
Ph : 9425875737, 9425892823 Email ID - arihantg@hotmail.com
REQUIREMENT

| S. No. | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Manager | MBA/M.Com. BE/MSC. |
| 2 | Lecturer (Computer) | MCA/BE (CS/IT)/MSC (CS) |
| 3 | Instructor | BCA/B.Sc (IT) PGDCA/ DCA |
| 4 | Office Assistant | Any Gradute |

Note - Higher Start may be given to Experienced Fellows. Application With Complete Biodata, copies of Certificate and Testimonials should reach office on or before 01/07/2026

ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड , बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जनसुनवाई में पहुंचा वैनगंगा में बेतरतीब उत्खनन का मुद्दा कलेक्टर ने सिंचाई विभाग से शीघ्र कार्रवाई के दिए निर्देश..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में छपारा में वैनगंगा नदी में बेतरतीब तरीके से किए जा रहे उत्खनन का मामला कलेक्टर के सामने उठाया गया। जिसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। शिकायतकर्ताओं ने अपेक्षा जताई है कि जिले की संवेदनशील कलेक्टर इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेंगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगी जिससे भविष्य में जिले के पर्यावरण से खिलवाड़ करने की कोशिश न हो।

### क्या है मामला..

छपारा तहसील मुख्यालय के पास बहने वाली और संजय सरोवर बांध की डूब क्षेत्र में आने वाली वैनगंगा नदी में मई महीने में पीएन नाग, कार्यपालन यंत्री ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाते हुए नगरपरिषद छपारा को सिल्ट निकालने की अनुमति दे दी। पीएन नाग ने अपने अनुमति पत्र में गौण खनिज अधिनियम का हवाला देते हुए अनुमति दी है जबकि डूब क्षेत्र की भूमि आर्द भूमि के तहत आती है। इसके अलावा सिल्ट निकालने के आदेश का फैसला शासन स्तर से होता है और सभी नदियों और बांधों के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाती है।

### हो रहा है मनमाना उत्खनन

जैसे ही उत्खनन की अनुमति दी गई वैसे ही स्थानीय रसूखदारों ने अपने डंपर, जेसीबी, पोकलैन आदि लगाकर अंधाधुंध तरीके से खनन शुरु कर दिया। कमाल यह है कि इस उत्खनन की निगरानी न तो सिंचाई विभाग ही कर रहा है ना ही नगर परिषद का कोई व्यक्ति इस काम के लिए तैनात किया गया है। नदी के केवल एक किनारे की ओर खनन किया जा रहा है। जिससे दूसरे किनारे की ओर बाढ़ की दशा में डूब की स्थिति बन सकती है। इसके साथ ही नदी में मिलने वाले एक नाले की दिशा मोड़ दी गई है जिससे बारिश के दिनों में पानी छपारा के नाले के किनारे बसे लोगों के घरों में घुसने की पूरी आशंका बनी हुई है।

### आखिर किसके लिए पाट रहे हैं जमीन..

उत्खनन की मिट्टी किसानों को खेतो में ले जाने का प्रावधान है लेकिन वैनगंगा से निकली सैकड़ों डंपर मिट्टी को नदी के एक किनारे में इस तरह जमाया जा रहा है कि भविष्य में कोई उस स्थान पर अतिक्रमण कर सकता है। इसके पहले भी सिंचाई विभाग की जमीन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया जा चुका है लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नही की है बल्कि नए अतिक्रमण का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो स्थानीय रसूखदार के भावी प्रोजेक्ट के लिए यह जमीन तैयार की जा रही है। इस संबंध में पीएन नाग, कार्यपालन यंत्री का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि नदी किनारे मिट्टी एकत्र की जा रही है। अधिकारी ने बार-बार शिकायतों और मीडिया में समाचार प्रकाशन/ प्रसारण के बावजूद एक बार छपारा जाकर मुआयना करने और अपनी जमीन को मुक्त कराने की जहमत तक नहीं उठाई है। अपनी कार्रवाई को जायज ठहराने के लिए अधिकारी खनिज विभाग के नियम दिखा रहे हैं जबकि वे नियम सिंचाई विभाग पर लागू ही नहीं होते हैं।

### क्या असर दिखाएंगे कलेक्टर के निर्देश..

मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदक मनीष तिवारी, सुदीप तिवारी और राकेश नागफसे ने आवेदन सौंपते हुए पर्यावरण से खिलवाड़ की इस कोशिश को नाकाम करने की मांग की है। अपने आवेदन में आवेदक ने लिखा है कि गैर जरूरी तरह से डंप की गई सैकड़ों डंपर मिट्टी को तत्काल वहां से हटाया जाए जिससे वैनगंगा की धारा निर्बाध तरीके से बहती रहे। आवेदकों का कहना है कि वे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और दूसरे मंचों का रुख इस संबंध में आगामी कदमों के रूप में कर सकते हैं। आवेदकों का यह भी कहना है कि जिले के पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कलेक्टर स्वयं मौके पर मुआयना करें और आवश्यक कार्रवाई करें।

# सिवनी में आज मनाया जायेगा वीरांगना रानी दुर्गावती का 462 वाँ बलिदान दिवस




**जगप्रेरणा सिवनी।**
***गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती जी का 462 वाँ बलिदान दिवस बुधवार 24 जून 2026 को सिवनी में अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी महेंद्र शाह मर्सकोले ने***

जानकारी देते हुए बताया कि जिला अजाक्स संघ, सिवनी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### प्रात :काल माल्यार्पण एवं गोंगों से होगी शुरुआत..

मीडिया प्रभारी महेंद्र शाह मर्सकोले के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत कल प्रातः 9:00 बजे 'वीरांगना रानी दुर्गावती चौक, सिवनी' पर माल्यार्पण एवं गोंगों (पूजा-अर्चना) के साथ होगी। इस सत्र के प्रभारी केवल परते होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी की कलेक्टर मा. नेहा मीणा जी, प्रमुख अतिथि के रूप में बरघाट विधायक मा. कमल मर्सकोले जी और विशेष अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक मा. कृष्णचंद्र लालवानी जी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मा. अंजलि शाह जी उपस्थित रहेंगी।

इसके साथ ही डी.एफओ. मा. महेन्द्र उईके जी, जनजाति विभाग के सहायक आयुक्त मा. लालजी राम मीणा जी, जिला शिक्षा अधिकारी मा. एस. एस. कुमरे जी और अखिल भारतीय आदिवासी जन कल्याण परिषद के मा. अशोक तेकाम जी भी अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### दोपहर 12 बजे से सजेगा मंचीय कार्यक्रम..

माल्यार्पण के पश्चात दोपहर 12:00 बजे से मुख्य मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता एस. आर. मेरावी (जिला योजना अधिकारी, सिवनी) करेंगे। मंचीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजाक्स म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष मा. संतोष वर्मा जी होंगे।

विशेष अतिथियों में मा. जे. एन. कंसोटिया (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजाक्स एवं संरक्षक अजाक्स भोपाल), मा. बिसनसिंह परतेती (प्रदेश अध्यक्ष, गोंड समाज महासभा, म.प्र.), मा. चंदनलाल मर्सकोले (प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा म.प्र.) और मा. एस.एल. सूर्यवंशी (प्रदेश महासचिव अजाक्स, भोपाल) शामिल रहेंगे।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और भोजनदान..

दोपहर 2:00 बजे से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसके प्रभारी ओ.पी. मरेती होंगे। इस दौरान लोक संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए शैला नृत्य, गोंड़ी नृत्य और ग्रुप डांस की शानदार प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी उपस्थित जनसमुदाय के लिए 'भोजनदान' (भोजन) की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके प्रभारी अशोक सिरसाम हैं।

### कई गणमान्य नागरिक होंगे आमंत्रित अतिथि..

इस गरिमामयी अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ समाजसेवी और पूर्व जनप्रतिनिधि भी आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिनमें पूर्व विधायक अर्जुन काकोड़िया जी, पूर्व निगम अध्यक्ष शोभराम भलावी जी, पूर्व जनपद अध्यक्ष विदेश काकोड़िया जी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तीरथ सिंह बट्टी जी, नरेश वरकड़े जी, जिला पंचायत सदस्य सतीश सरयाम जी और संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरविंद करोसिया जी प्रमुख हैं।

### उपस्थिति की अपील..

आयोजक 'जिला अजाक्स संघ, सिवनी' एवं मीडिया प्रभारी महेंद्र शाह मर्सकोले ने समस्त समाज, शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों से इस एक दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की भावभीनी अपील की है।

# जिला न्यायालय परिसर में चाकू से हमला कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार..

## कोतवाली पुलिस ने 03 आरोपी को किया गिरफ्तार एवं 02 विधि विवादित किशोर को भेजा बाल संप्रेक्षण गृह, 02 धारदार चाकू जप्त..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के पालन में, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दिनांक 19/06/2026 को दोपहर करीब 03:30 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय सिवनी परिसर में पुरानी रंजिश के चलते आरोपी देवू सनकत, अमन झंझोट, अंकित बैन एवं 02 नाबालिक साथियों ने मिलकर योगेश उर्फ काली जसोरिया पर जानलेवा हमला किया।

आरोपी अमन झंझोट ने चाकू से योगेश के सिर पर वार किया, जिससे उसके बाल कट गए। आरोपियों द्वारा प्रार्थी योगेश, नयन बघेल एवं राहुल कश्यप पर पत्थर फेंककर भी हमला किया गया। प्रार्थी व उसके साथियों ने न्यायालय के कक्षों में छिपकर जान बचाई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 541/2026 धारा 296(बी), 109(1), 351(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 02 धारदार चाकू एवं पत्थर जप्त किए।

### गिरफ्तार आरोपी..

देव उर्फ देवू सनकत, उम्र 25 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ अंबेडकर वार्ड, सिवनी, अमन झंझोटे, उम्र 32 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, सिवनी, अंकित बैन, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्वारीघाट रोड़ रामपुर, जबलपुर, हाल मंगलीपेठ सिवनी, 02 विधि विवादित किशोर, उम्र 15 वर्ष एवं 14 वर्ष। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल सिवनी भेजा गया। दोनों किशोरों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी भेजा गया है।

### आपराधिक रिकॉर्ड..

आरोपी देव सनकत के विरुद्ध थाना कोतवाली में मारपीट के 06 एवं अमन झंझोटे के विरुद्ध 07 आपराधिक प्रकरण पूर्व से पंजीबद्ध हैं।

### विवाद की पृष्ठभूमि..

पहला विवाद 18/ 06/ 2025 मठ मंदिर के पास मीत हिन्दुजा से मारपीट के बाद चेतन दुर्गे व अंशुमन ओसवाल से बीच-बचाव पर जातिसूचक गालियां व मारपीट। जवाबी हमले में सत्यम ठाकुर, योगेश जसोरिया सहित 11 लोगों ने चेतन दुर्गे व साथियों पर चाकू-लाठी से हमला किया। अपराध क्रमांक 512/2025 धारा 109(1) बीएनएस एवं **SC-ST** एक्ट में प्रकरण दर्ज।

दूसरा विवाद 23/03/2026 नगरपालिका के पास सत्यम ठाकुर से शराब के लिए पैसे मांगने व मारपीट पर वासू सनकत व साथियों पर अपराध क्रमांक 227/2026 दर्ज हुआ था। इसी प्रकरण में वासू सनकत की जमानत के लिए आरोपी न्यायालय आए थे।

### सराहनीय भूमिका..

एसडीओपी सचिन परते, निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि एन.के. उपाध्याय, उनि राजेश शर्मा, सउनि जसवंत ठाकुर, प्रआर कृष्णकुमार वानखेडे, मनोज पाल, आरक्षक मिथलेश उइके, सुधीर डहेरिया, दिलीप उइके, प्रतीक बघेल, मुकेश इनवाती, चेतन संतोष साहू, अजेन्द्र पाल।

# 16 लाख लोगों तक पहुंची मोगली की कहानी

## सिवनी लखनादौन को देश-दुनिया में नई पहचान दिला रहे दीपक साहू..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
डिजिटल युग में जहां अधिकांश कंटेंट बड़े शहरों और प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक सीमित रहता है, वहीं सिवनी जिले के लखनादौन निवासी युवा यूट्यूबर दीपक साहू अपने चैनल 'भारत की यात्रा 360' के माध्यम से छोटे शहरों, गांवों, मंदिरों और स्थानीय इतिहास को देश-दुनिया तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

दीपक साहू द्वारा सिवनी और विश्व प्रसिद्ध मोगली की कहानी पर बनाई गई वीडियो को अब तक 16 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, जिससे सिवनी जिले का नाम लाखों लोगों तक पहुंचा है। इस वीडियो ने न केवल मोगली और सिवनी के ऐतिहासिक संबंध को लोगों के सामने रखा, बल्कि जिले की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान दिलाई।

लखनादौन जैसे छोटे नगर से निकलकर दीपक साहू लगातार ऐसे विषयों पर काम कर रहे हैं, जिन पर मुख्यधारा के मीडिया और बड़े कंटेंट क्रिएटर्स का ध्यान कम जाता है। उनके वीडियो में सिवनी जिले के प्राचीन मंदिर, धार्मिक स्थल, लोककथाएं, ऐतिहासिक धरोहरें, प्राकृतिक पर्यटन स्थल और स्थानीय संस्कृति प्रमुखता से दिखाई देती है।

दीपक की विशेषता यह है कि वे स्थानीय बोली और सहज भाषा में कंटेंट तैयार करते हैं, जिससे आम लोग अपनी संस्कृति और इतिहास से जुड़ाव महसूस करते हैं। उनके वीडियो न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि क्षेत्र की विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी कार्य कर रहे हैं। 'भारत की यात्रा 360' के माध्यम से वे लगातार यह प्रयास कर रहे हैं कि लखनादौन, सिवनी और महाकौशल क्षेत्र की अनकही कहानियां देश के हर कोने तक पहुंचें। उनकी कई वीडियो हजारों और लाखों लोगों तक पहुंच चुकी हैं, जिससे क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को भी नई पहचान मिल रही है। दीपक साहू का कहना है कि छोटे शहरों और गांवों में इतिहास, संस्कृति और आस्था से जुड़ी ऐसी अनेक कहानियां हैं, जिन्हें दुनिया के सामने लाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य के साथ वे लगातार क्षेत्र की विशेषताओं को डिजिटल मंच पर प्रस्तुत कर रहे हैं। आज जब लाखों लोग उनके वीडियो के माध्यम से सिवनी और लखनादौन को जान रहे हैं, तब यह कहा जा सकता है कि एक युवा क्रिएटर अपने कैमरे और रचनात्मकता के दम पर जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यह पहल न केवल सिवनी और लखनादौन का गौरव बढ़ा रही है, बल्कि स्थानीय पर्यटन, संस्कृति और इतिहास के प्रचार-प्रसार में भी उल्लेखनीय योगदान दे रही है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

**जगप्रेरणा सिवनी।**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन को सशक्त और मजबूती प्रदान करने की मंशानुरूप मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा प्रस्तावित एवं अनुशंसा उपरांत जीतू पटवारी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की नियुक्ति की गई है।

जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हनीफखान, जिला कोषाध्यक्ष सुधीर जैन, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, बृजेशसिंह बघेल, मुकेश जैन, ठा. जयकेशसिंह, अनीक मोहम्मद अन्नू बाबा, राजेश दुबे, राजेन्द्र पटैल, जाहिद खान, दुपेन्द्र लकी अमुले। जिला कांग्रेस महासचिव सुरेन्द्र करोसिया, शिव सनोडिया, अतुलचंद मालू, इमरान पटेल, रंजीत यादव, प्रमोद मोदी, प्रकाश सूर्यवंशी, आनंद भगत, आदित्य सिंह, दयाराम मसराम, प्रशांत यादव, अनिल मर्सकोले, हर्षवर्धन सिंह (लकी) बघेल, राकेश सनोडिया, यशपाल भलावी। जिला कांग्रेस सचिव ओमकार राय, विपिन यादव, जीशान खान, उदयसिंह बघेल, सिहाब मोहम्मद खान, मंशाराम चन्द्रवंशी, डॉ. रमेन्द्र सिंह ठाकुर, दिलीप रक्सेल, मुकेश राजपूत, नेपालसिंह ठाकुर, संदीप बंटी जैन, अरूण चैकसे, देवेन्द्र सरवैया, अखलेश जैन, रणजोरसिंह, राहुल उइके, गजानंद हरिनखेड़े, सुनील पंचेश्वर, डालेन्द्र राहंगडाले, पप्पी दीवान।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता द्वय जेपीएस तिवारी, राजिक अकील, जिला कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी द्वय शिवदीप डेहरिया, उमेश चक्रवर्ती का समावेश किया गया है।

# मुस्लिम विकास परिषद ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी का किया सम्मान..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने आज पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी से सौजन्य भेंट कर उन्हें जनसेवा, समाजसेवा, उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था तथा जिले में सभी धर्मों एवं समुदायों के बीच आपसी प्रेम, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखने में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए पुष्पहार एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

परिषद के सरपरस्त नवाब दीवान शाद अली एवं प्रदेश महामंत्री शोएब राजा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष साजिद खान, उपाध्यक्ष असलम मिर्जा तथा कोषाध्यक्ष रहीम खान शामिल रहे।

इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के नेतृत्व में जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था स्थापित करने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा सभी वर्गों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण निर्मित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुस्लिम विकास परिषद समाज में शांति, एकता, भाईचारे एवं राष्ट्रहित के कार्यों के लिए सदैव प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती रहेगी। परिषद ने सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने तथा विकसित समाज के निर्माण के लिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील भी की।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि..



## बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न..

**जगप्रेरणा छपारा।**
23 जून मंगलवार को 4 बजे तेजस्विनी परिसर गेस एजेंसी के पास भाजपा मंडल द्वारा डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्व प्रथम मुखर्जी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात महामंत्री राघवेन्द्र नारायण पाठक ठा नागेन्द्र सिंह मुकेश मनमोजी व्दारा मुखर्जी जी के जिवन पर अपने अपने विचार रखे इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश जेन अशोक कुमार जेन अरविंद बंटी अवधिया नगेन्द्र सिंह राजपूत शिवकांत सिंह नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश मंनमोजी धर्मेंद्र सिंह रफीक खान ईश्वर कोष्टा शुभम् सिंह श्रीमती रेखा जावरे सुरेश पटेल मुकेश रजक श्रीमती संध्या सेन राजेंद्र पटेल श्रीमती सरोज जयस्वाल राजेन्द्र पाटेल सिध्दार्थ सिंह शिव प्रसाद यादव घनश्याम कौशलै आदि बड़ी संख्या में जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छपारा-भीमगढ़ रोड पर तूफान का कहर..



**पेड़ गिरने से मार्ग बाधित, लोगों की मदद से बहाल हुआ यातायात..**

**जगप्रेरणा छपारा।**
सिवनी जिले के छपारा नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर भीमगढ़ रोड पर स्थित बंजारी माता मंदिर के समीप सोमवार दोपहर अचानक आए तेज तूफान और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण कई पेड़ सड़क पर गिर गए, जिससे मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। जनपद सदस्य तौफिक खान, पूर्व आर्मी जवान ओम नारायण पटेल तथा आर्मी जवान बासित अंसारी ने ग्रामीणों के सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने का प्रयास शुरू किया। इसके बाद छपारा नगर परिषद की जेसीबी मशीन भी मौके पर पहुंची और सड़क पर पड़े पेड़ों को हटाकर मार्ग को साफ किया गया। स्थानीय लोगों की सक्रियता और प्रशासन की तत्परता के चलते कुछ ही समय में यातायात पुनः सुचारू रूप से शुरू हो गया। अचानक आए तूफान से क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था, लेकिन सामूहिक प्रयासों से स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई। स्थानीय नागरिकों ने राहत कार्य में सहयोग करने वाले सभी लोगों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद 7898530101

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 14 जनपद सदस्यों ने मिलकर बनाया भाजपा समर्थित प्रत्याशी को कार्यवाहक अध्यक्ष..

## कांग्रेस की अंदरुनी कलह के चलते जनपद कार्यवाहक अध्यक्ष चुनाव जीती भाजपा..






जगप्रेरणा खैरलाँजी।

***जनपद पंचायत खैरलाँजी के 2022 में जनपद अध्यक्ष के मुख्य निर्वाचन चुनाव में चार प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन भरे थे जिसमें भाजपा समर्थित***

प्रत्याशी खुशबू गिरीश बिसेन को 6 मत मिले तो वही कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी खिलेश्वरी बिसेन को 3 मत मिले तथा निर्दलीय प्रत्याशी आशु गुनाराम बघेले को 10 मत एवं रितु योगेश सुलकिया को 5 मत मिले जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी आशु गुनाराम बघेले ने 4 मत अधिक लेकर जीत हासिल कर जनपद अध्यक्ष की कुर्सी पर अपना कब्जा जमाया और लगभग 4 वर्ष तक जनपद अध्यक्ष पद का कार्यभार सभाला किन्तु जनपद अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले को अध्यक्ष पद से माननीय न्यायालय के द्वारा महाराष्ट्र के जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण को लेकर जिला कलेक्टर के लिए पुनर्विचार करने प्रकरण प्रेषित किया गया। जिसमें जिला कलेक्टर द्वारा अध्यक्ष जनपद पंचायत खैरलांजी आशु गुनाराम बघेले के जनपद सदस्य एंव जनपद अध्यक्ष पद से निर्वाचन को शुन्य घोषित किया था। वर्तमान मे आशु गुनाराम बघेले, खिलेश्वरी बिसेन एवं रितु योगेश सुलकिया तीनो कांग्रेस पार्टी के सक्रिय सदस्य है एवं इन्हीं तीनों के गठजोड़ से कांग्रेस पार्टी ने रितु योगेश सुलकिया को कार्यवाहक अध्यक्ष चुनाव का प्रत्याशी घोषित किया तो वंही दूसरी ओर भाजपा ने खुशबू गिरीश बिसेन को पुनः अपना प्रत्याशी घोषित किया।

दिनांक 18 जून को जनपद पंचायत खैरलांजी में कार्यवाहक अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने 14 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की वहीं कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को मात्र 8 मत ही प्राप्त हुए। और एक मत निरस्त हुआ।

जनचर्चा अनुसार चुनाव से पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि इस कार्यवाहक जनपद अध्यक्ष चुनाव मे पिछले मुख्य चुनाव के आधार पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को 15-16 मत मिल सकते है किन्तु मात्र 8 मत ही मिल पाने वाले निर्णय ने सभी को हैरान कर दिया है। चुनावी परिणाम ने साफस्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस पार्टी के अंदर अनुशासन की कमी साफतौर पर नजर आई। कई सदस्यों द्वारा पार्टी लाइन से हटकर क्रास मतदान करने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।

### भाजपा समर्थित प्रत्याशी की जीत के बाद जुलूस का नजारा

खास बात यह रही कि पूरे चुनाव के दौरान डीजे और आतिशबाजी के साथ रैली कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष फेकन लाल डोहरे के घर तक गई इसके पश्चात रैली पूर्व जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस नेता रामकुमार नगपुरे के कार्यालय पहुंची। जहां कांग्रेस नेता रामकुमार नगपुरे को गुलाल लगाकर बधाई दी गई वहीं भाजपा प्रत्याशी को 14 मत मिलने के बाजूद विजय जुलुस में 8 जनपद सदस्य दिखाई दिए यह साफ दर्शाता है कि बाकि 6 जनपद सदस्य ने क्रास वोटिंग किया है। भाजपा समर्थित प्रत्याशी के विजय जुलूस में भाजपा कार्यकर्ताओ के अलावा वे जनपद सदस्य ही दिखाई दिए जो पूर्व में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में रहे है। क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरो पर है कि क्षेत्र के कांग्रेस के बड़े नेता अपने वजूद और वर्चस्व को कायम रखने के लिए अपने ही दल में सेंध लगाने का काम कर रहे है। ताकि कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओ को उनकी ही पार्टी में नीचा दिखाया जा सके।

### छः माह के भीतर चुना जाएगा फिर नया जनपद अध्यक्ष

निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार अगर किसी पदेन जनप्रतिनिधि का निर्वाचन किसी भी कारण से उनके कार्यकाल के पूर्व निरस्त किया जाता है तो जिला निर्वाचन अधिकारी उस स्थान पर कार्यवाहक बनाने की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत कार्यवाहक के पद के लिए चुनाव करवा सकता है लेकिन किसी भी स्थान पर कार्यवाहक केवल छः माह तक के लिए ही निर्वाचित हो सकते है। छः माह के भीतर कार्यकाल बचे होने की परिस्थित में वंहा पूर्ण रूप से चुनाव प्रक्रिया कराई जाएगी जिस पद के लिए निर्वाचन शून्य किया गया है।

चूंकि कार्यवाहक अध्यक्ष के निर्वाचन में 23 जनपद सदस्यों ने ही हिस्सा लिया अब आगे छः माह के भीतर होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया में जनपद सदस्य के चुनाव के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भी संपन्न किया जा सकता है।

# नपा के जनता दरबार मे नगर मे यातायात व्यवस्था को सुधारने दुकानो के सामने खडे वाहनो पर चालानी कार्यवाही का लिया गया निर्णय..

## पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल व नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने जनसमस्याओ का गंभीरता से किया समाधान







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका परिषद के जनता दरबार मे आज भी पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल व नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने जनमानस की विभिन्न समस्याओ के समाधान की दिशा मे गंभीरता प्रदर्शित की।***

इस दौरान विशेषकर नगर मे ट्रेफिक व्यवस्था को दूरस्त करने के लिये मुख्य मार्गो पर व्यवसायीयो की दुकान के सामने अनियत्रिंत रूप से खडे वाहनो पर चालान कार्यवाही करने जैसे निर्णय लिये गये।

आज जनता दरबार मे जनविश्वास की नयी झलक देखने को मिली। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के सांदीपनि विधालय के कार्यक्रम के चलते जनता दरबार मे दो घंटे विलंब से पहुचने के बाद भी जनता अपनी समस्याओ के समाधान की आशा मे जनता दरबार मे उपस्थित रहकर इंतजार करती रही।

जनता दरबार मे सबसे पहले एक शिकायत को आधार बनाकर नगर की ट्रेफिक व्यवस्था को दुरस्त करने का निर्णय लिया गया। जिसमे दो दिवस तक मुनादी कराने के बाद व्यवसायीयो की दूकान के सामने अनियत्रिंत हालात मे खडे वाहनो से खराब हो रही यातायात व्यवस्था को सही करने का निर्णय लिया गया। जिसे सडक हादसो को रोकने की दिशा मे सही कदम निरूपित किया गया। नपा परिषद के अनुसार इस व्यवस्था को बनाने मे चालानी कार्यवाही का भी सहारा लेने के निर्णय को न्यायसंगत करार दिया गया।

इसी तरह वार्ड एक की महिला कलाबाई निपाने की शिकायत पर नपा परिषद ने गंभीरता दिखायी है। जिसमे एफसीआई मैदान के पास भैरांगज मे उक्त महिला सहित अन्य कुछ घरो मे पेयजल का पानी नही के बराबर आता है। जिसमे महिला ने स्वंय बताया की जब लाईट गुल होती है तब पेयजल नल कनेक्शन मे तीव्र गति से आता है। अर्थात वार्ड की पाईप लाईन मे अनेको घरो मे टिल्लू पंप लगे होने की पुष्टि हो गयी है। दूसरी ओर समाधान होने तक उक्त महिला के घर के सामने सप्ताह के तीन दिन पानी का टैंकर भी खड़ा रखने के निर्णय को सुनकर महिला प्रसन्नचित हो गयी।

इसी तरह वार्ड एक मे एक लान के निर्माण कार्य पर रोक लगाने की शिकायत सामने आयी है। जिसमे प्रार्थीगणो मे प्रज्ञा साकरे, ललिता बिसेन, हिंमाशू चौहान आदि ने नपा से गुहार लगायी है की लान बन जाने के बाद वैवाहिक कार्यक्रमो के कारण ध्वनि प्रदूषण व वाहनो की बढती संख्या के कारण वार्डवासीयो को परेशानीयो का सामना करना पडेगा। शिकायत के बाद नपा ने तत्काल लान निर्माण कर्ता को नोटिस जारी कर अनुमति जैसे विषयो को चेक करने का निर्णय लिया है।

जनता दरबार मे भाजपा के पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत ने भी वार्ड एक मे सडक व नाली निर्माण के विषय को रखा है। जिसमे नपा द्वारा लगभग ढाई करोड की राशी के टेंडर पोर्टल पर लगे होने की जानकारी देकर दोनो कार्य इस सुची मे संलग्न होने की जानकारी प्रदान कर दी गयी है। आज जनता दरबार मे वार्ड के पार्षदगणो के साथ वार्ड प्रभारी व नपा की अधिकारीगण भी सक्रिय नजर आये।

# सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ प्रवेश उत्सव का हुआ शुभारंभ






जगप्रेरणा वारासिवनी।

***स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शासकीय सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ वृक्षारोपण कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद पारधी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।***

संस्था प्राचार्य श्री हुमराज पटले ने बताया कि प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में 15 जून से 30 जून 2026 तक प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक श्री विवेक (विक्की ) पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल, एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, समाजसेवी श्री शैलेन्द्र शेट्टी, प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले सहित बड़ी संख्या में पालक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें शासन की विभिन्न छात्रहितैषी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं साइकिलों का वितरण किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ मध्यान्ह भोजन किया तथा विद्यालय की रसायन, भौतिकी एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं कक्षाओं का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के साथ नासा टूर एवं विज्ञान मंथन-इसरो यात्रा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य श्री हुमराज पटले ने विद्यार्थियों को विद्यालय की परिकल्पना, विजन एवं मिशन से अवगत कराते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में सांसद श्रीमती भारती पारधी ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए बालिकाओं को शिक्षा एवं कौशल विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विधायक श्री विवेक पटेल ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल ने विद्यार्थियों को गुरुजनों के सम्मान, खेलकूद एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालय शिक्षक श्री कमल टेम्भरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन परीक्षा प्रभारी श्री लखन रिनायत ने किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, पालकों एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कटंगी में सांदीपनी स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पढ़ा गया संदेश..





जगप्रेरणा कटंगी।

***स्थानीय प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सांदीपनी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं,***

शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इसके बाद उपस्थित जनसमुदाय को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का योग दिवस के अवसर पर जारी विशेष उद्बोधन संदेश पढ़कर सुनाया गया।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संदेश में योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया।

उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है। मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे योग को केवल एक दिन के उत्सव के रूप में न लें, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने युवाओं में बढ़ते तनाव को दूर करने और एकाग्रता बढ़ाने में योग की भूमिका पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री का यह प्रेरणादायी संदेश सुनकर उपस्थित सभी विद्यार्थी और शिक्षक अत्यधिक उत्साहित नजर आए।

इसके पश्चात, योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सामूहिक योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने 'करो योग, रहो निरोग' के संकल्प के साथ विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।

सत्र की शुरुआत शरीर को शिथिल करने वाले अभ्यासों (वार्म-अप) से हुई। इसके बाद ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन और शवासन जैसे महत्वपूर्ण आसन कराए गए। योग शिक्षकों ने प्रत्येक आसन को करने की सही विधि समझाई और उससे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।आसनों के अभ्यास के बाद प्राणायाम सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया गया।

शांत वातावरण में किए गए इस प्राणायाम से पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी ने सामूहिक रूप से शांति पाठ किया और देश व विश्व में सुख-शांति की कामना की।विद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सांदीपनी स्कूल हमेशा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और ऐसे आयोजन बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और पत्रकार बंधु विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के अनुशासन और उत्साह की सराहना की।

# जिले में 23 जून तक 16 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज, पिछले वर्ष से कम बारिश

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 23 जून 2026 तक कुल 16 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।***

यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि में दर्ज 30 मिलीमीटर औसत वर्षा की तुलना में काफी कम है। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 3 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 4 मिलीमीटर, वारासिवनी में 5 मिलीमीटर, लांजी में 3 मिलीमीटर, किरनापुर में 2 मिलीमीटर, लालबर्रा में 3 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 8 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं बैहर, कटंगी, खैरलांजी एवं बिरसा तहसीलों में वर्षा नहीं हुई है। चालू वर्ष में 01 जून से 23 जून तक सबसे अधिक 40 मिलीमीटर वर्षा बालाघाट तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 2.5 मिलीमीटर वर्षा खैरलांजी तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में वारासिवनी में 33 मिलीमीटर, बैहर में 23 मिलीमीटर, लांजी में 12 मिलीमीटर, कटंगी में 11 मिलीमीटर, किरनापुर में 4 मिलीमीटर, लालबर्रा में 10 मिलीमीटर, बिरसा में 3 मिलीमीटर, परसवाड़ा एवं तिरोड़ी में 18-18 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 63 मिलीमीटर, वारासिवनी में 44 मिलीमीटर, बैहर में 55 मिलीमीटर, लांजी में 25 मिलीमीटर, कटंगी में 8 मिलीमीटर, किरनापुर में 38 मिलीमीटर, खैरलांजी में 11 मिलीमीटर, लालबर्रा में 24 मिलीमीटर, बिरसा में 50 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 15 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 3 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

मौसम के इस रुझान पर कृषि विशेषज्ञों की नजर बनी हुई है। आगामी दिनों में मानसून की सक्रियता बढने के साथ ही जिले में वर्षा की मात्रा में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बैतूल में अंधविश्वास की बलि चढ़ा मासूम, जादू-टोने के शक में 12 साल के बच्चे की बेरहमी से हत्या, बोरी में बंद कर नाले में फेंका शव..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बैतूल थाना क्षेत्र में एक मासूम को जादू-टोने के संदेह में अपनी जान गंवाना पड़ा। 2 आरोपी पहले तो मासूम बालक को खेलने के बहाने अपने साथ ले गए। इसके बाद लोहे की रॉड से हमला कर और रस्सी से गला दबा कर उसकी हत्या कर दी।*



इसके बाद शव बोरी में बांध कर जंगल के नाले में फेंक दिया।पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 22 जून को फरियादिया संगीता पति सद्दू आहके उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम ताईखेड़ा थाना मुलताई द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका 12 साल का नाबालिग पुत्र अंकुश आहके 20 जून को दोपहर लगभग 3 बजे से लापता है। फरियादिया ने यह भी बताया कि गांव के ही सुदामा पिता मोहन इनवाती (उम्र 18 वर्ष 03 माह) ने उसके बेटे अंकुश अहाके को खेलने के बहाने घर से अपने साथ ले गया था, जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा।

## विशेष टीम ने शुरू की खोजबीन..

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मुलताई विकास पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर गुमशुदा बालक की तलाश तेज की गई एवं विभिन्न संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन शुरू की गई।

विवेचना के दौरान संदेही सुदामा पिता मोहन इनवाती की तलाश की गई। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ में एवं तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदेह गहराने पर उससे पूछताछ की गई। जिसमें उसने खुलासा किया कि उसने अपने साथी राकेश उइके (उम्र 36 वर्ष) के साथ मिलकर नाबालिग अंकुश आहके की हत्या कर दी है।

## हत्या करने का यह बताया कारण..

आरोपी ने बताया कि दोनों को अंधविश्वास एवं जादू-टोने का संदेह था। इसी संदेह के चलते उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से अंकुश को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद दोनों आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर एवं रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के पश्चात साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को बोरी में बांधकर ग्राम सालईढाना के जंगल स्थित नाले में फेंक दिया।

## बोरी में बंधा शव किया गया बरामद..

आरोपी सुदामा पिता मोहन इनवाती के मेमोरेंडम एवं निशानदेही पर दूसरे आरोपी राकेश उइके को हिरासत में लिया गया। राकेश द्वारा भी अपराध स्वीकार करते हुए शव छिपाने के स्थान की जानकारी दी गई। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने ग्राम सालईढाना के जंगल में नाले से बोरी में बंधा शव बरामद किया, जिसकी पहचान मृतक अंकुश आहके के रूप में उसके परिजनों द्वारा की गई। आरोपी राकेश उइके एवं सुदामा इनवाती को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# NEET Re-Exam: सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़, बायोमेट्रिक कंपनी के कर्मियों के साथ मिलकर रचा था पूरा खेल; अब तक 30 गिरफ्तार..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बिहार में NEET Re-Exam 2026 के दौरान एक बड़ा सॉल्वर गैंग पकड़ा गया। यह गैंग बॉयोमेट्रिक सेवा देने वाली कंपनी के कर्मचारियों के साथ मिलकर अपनी हरकतों के अंजाम दे रहा था,*



जिसे समय पर पकड़ लिया गया। इस मामले में अभी तक 30 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## परीक्षा सेंटर के लिए अस्थाई कर्मचारी रखे गए..

दरअसल, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रलय की कंपनी **EdCIL** के जरिए **Innovative view** कंपनी को **NEET** परीक्षा के लिए बायोमेट्रिक, फ्रिस्किंग और **CCTV** का ठेका मिला था। **NEET** परीक्षा के लिए इस कंपनी को मिली जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए एक लाख से अधिक वर्क फोर्स की जरूरत थी। इस कंपनी ने अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सब-कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किए।

और उस कॉन्ट्रैक्टर ने डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज और परीक्षा सेंटर के लिए अस्थाई कर्मचारी रखे। इनके द्वारा बायोमेट्रिक, फ्रिस्किंग और **CCTV** का काम देखा जा रहा था। बिहार के लखिसराय में इन्हीं बायोमेट्रिक कर्मचारियों के साथ साठ-गांठ करके ये गोरखधंधा किया जा रहा था।

## 'हम ब्लैकलिस्टेड नहीं..'

**Innovative view** कंपनी का कहना है कि इस मामले में बिहार पुलिस द्वारा उनसे अभी तक कोई संपर्क नहीं किया गया था। इस खबर के सामने आने के बाद कंपनी की फैक्ट फाइंडिंग कमिटी इस पर काम कर रही है। कंपनी को दो राज्यों द्वारा ब्लैकलिस्ट किए जाने की चर्चाओं पर कंपनी ने स्थिति साफ की है। कंपनी ने कहा कि झारखंड और तमिलनाडु सरकार द्वारा गलत तरह से ब्लैकलिस्ट किया गया था, जिसे कोर्ट में चैलेंज किया गया। कोर्ट ने सरकार के फैसले को गलत पाया, इसलिए कंपनी कहीं भी ब्लैकलिस्ट नहीं है। अगर कंपनी ब्लैकलिस्ट होती, तो वो टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा ही नहीं ले पाती। बता दें कि **NEET-UG** 2026 री-परीक्षा 21 जून को देशभर में आयोजित की गई। परीक्षा की सुरक्षा और निष्पक्षता को लेकर शिक्षा मंत्रालय और एनटीए ने कई सख्त इंतजाम किए थे। बावजूद इसके बिहार के लखीसराय में सॉल्वर गैंग के सदस्यों ने परीक्षा में सेंध मारने की कोशिश की। नकली **NEET** स्टूडेंट बनकर एग्जाम सेंटर पहुंचने वाले सॉल्वर गैंग के 9 लोगों पुलिस ने गिरफ्तार किया। देशभर में 22 लाख से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। 551 शहरों और विदेशों के 14 शहरों में बने 5,440 केंद्रों पर **NEET** री-एग्जाम हुआ।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# अल्मोड़ा में एक व्यक्ति ने ससुर की हत्या की, पत्नी के साथ हुआ फरार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तराखंड के अल्मोड़ा के दन्या क्षेत्र के सेली गांव में हरियाणा से आए एक व्यक्ति ने कथित रूप से धारदार हथियार से हमला करके अपने ससुर की हत्या कर दी और पत्नी के साथ फरार हो गया।*



पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, रविवार को किसी बात पर हुए विवाद के दौरान धर्मवीर ने अपने ससुर चंद्रशेखर पांडेय (52) पर हमला कर किया और कथित तौर पर 10 से अधिक वार किए, जिसके कारण उनके हाथ-पैर की हड्डियां टूट गईं और सिर पर गंभीर चोट आई।

पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी धर्मवीर और उसकी पत्नी घर में मौजूद पांडेय की पत्नी और बच्चों को एक कमरे में बंद करके फरार हो गए।

रविवार रात ग्रामीणों और परिजन ने किसी तरह से कमरा खोला और पांडेय को गंभीर अवस्था में निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गयी। दन्या के थाना प्रभारी दिनेश नाथ महंत ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर यह हत्या सुनियोजित लग रही है और पुलिस आरोपी तथा उसकी पत्नी की तलाश में दबिश दे रही है। महंत ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के लिए अल्मोड़ा पुलिस ने हरियाणा पुलिस से भी संपर्क किया है। बताया जा रहा है कि हरियाणा में रहने वाले चंद्रशेखर पांडेय (52) कुछ समय पहले अपने पैतृक गांव सेली लौटकर खेती-बाड़ी कर रहे थे और दो महीने पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी का विवाह धर्मवीर के साथ किया था। वारदात से एक दिन पहले 20 जून को धर्मवीर पत्नी के साथ सेली गांव पहुंचा था।

# रोहतास में पुलिस जवानों से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 11 महिला पुलिसकर्मी समेत कई घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बिहार के रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर सिकठी गांव के समीप एफसीआई का चावल लदा ट्रक बिहार पुलिस के जवानों को लेकर जा रही बस से टकरा गया।*




दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें 11 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और प्रशासनिक अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया।

## पीछे से टक्कर मारने से हुआ हादसा..

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिहार पुलिस की एक कंपनी बेगूसराय से डेहरी स्थित मुख्यालय की ओर जा रही थी। इसी दौरान सिकठी गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार एफसीआई ट्रक ने पुलिस बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में बैठे कई जवान अपनी सीटों से उछल पड़े और उन्हें चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया।

## महिला पुलिसकर्मियों समेत कई जवान घायल..

हादसे में घायल पुलिसकर्मियों में शंकर हांसदा, उमेश पासवान, सविता कुमारी, सुजाता देवी, पूजा कुमारी, अमृता कुमारी, लाडली कुमारी, अन्नपूर्णा कुमारी, फुला कुमारी, नंदनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, सलोनी कुमारी, रिंकू कुमारी तथा कृष्ण मुरारी शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को इलाज के लिए नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया। अस्पताल प्रशासन ने घायलों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की।

## एक महिला पुलिसकर्मी को किया गया रेफर..

चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश पुलिसकर्मियों को सामान्य चोटें आई हैं और उनकी स्थिति स्थिर है। हालांकि महिला पुलिसकर्मी नंदनी कुमारी के दांत में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार अन्य सभी घायल जवान खतरे से बाहर हैं और उनका उपचार सफ्लतापूर्वक किया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि किसी भी जवान को गंभीर आंतरिक चोट नहीं लगी है, जो राहत की बात है।

## SDM ने बताई दुर्घटना की वजह..

बिक्रमगंज के एसडीएम प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस बस अपने निर्धारित गंतव्य की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एफसीआई ट्रक ने बस में टक्कर मार दी, जिससे यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रक चालक की लापरवाही से जुड़ा प्रतीत होता है। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना मिलते ही पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बिक्रमगंज एसडीएम के अलावा नोखा प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, संझौली थानाध्यक्ष तथा नोखा थानाध्यक्ष भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की तथा दुर्घटना से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र की। पुलिस ने ट्रक और बस को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सभी घायल जवान खतरे से बाहर..

नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी अजय प्रताप ने बताया कि दुर्घटना में घायल सभी पुलिसकर्मी फिलहाल खतरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश जवानों को मामूली चोटें आई थीं, जिनका उपचार कर दिया गया है। केवल एक महिला पुलिसकर्मी को अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया है। इस दुर्घटना के बावजूद राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# अफगान तालिबान ने निर्वासन के मुद्दे पर यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ बातचीत की..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*ब्रसेल्स, 23 जून (एपी) अफगान तालिबान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ (ईयू) के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें राजनयिक सेवाओं तथा अफगान नागरिकों की 'सम्मानजनक वापसी' के मुद्दे पर चर्चा हुई। तालिबान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ के देशों में शरण मांगने वाले प्रवासियों के सबसे बड़े समूहों में अफगान नागरिक शामिल हैं।*

हालांकि, कई देशों की सरकारें उन अफ्गान नागरिकों की निर्वासन प्रक्रिया को तेज करने की पक्षधर हैं, जिनके शरण आवेदन खारिज हो चुके हैं या जिन्होंने उन देशों में अपराध किए हैं। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बल्खी ने इस दौरे को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा कि यह पहली बार है जब इस्लामिक अमीरात के एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्रसेल्स में ईयू देशों के साथ बातचीत की। पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले बल्खी ने कहा कि बातचीत 'भरोसा बढ़ाने वाले उपायों', ईयू में तालिबान की राजनयिक मौजूदगी और 'सम्मानजनक वापसी की प्रक्रिया' पर केंद्रित थी।

यह बैठक बेल्जियम की राजधानी में एक गुप्त जगह पर हुई। ब्रसेल्स में ईयू और पश्चिमी देशों के सैन्य गठबंधन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) दोनों का मुख्यालय है। यूरोपीय आयोग ने कहा कि उसने स्वीडन के साथ मिलकर बैठक की अध्यक्षता की और सुरक्षा के लिए खतरा बने लोगों को देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया को आसान बनाने पर हुई चर्चा में ईयू के 27 देशों में से 15 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मानवाधिकार संगठनों ने कहा है कि यह बैठक यूरोपीय संघ की मानवाधिकार संबंधी प्रतिबद्धताओं को कमजोर करेगी और इससे यूरोप तथा अफ्गानिस्तान में लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

वर्ष 2021 में अमेरिका-नेतृत्व वाली सेनाओं की वापसी के बाद तालिबान के सत्ता में आने से लेकर अब तक अफ्गान अधिकारियों ने नागरिक अधिकारों पर कड़े और दमनकारी प्रतिबंध लगाए हैं, जिनका सबसे अधिक असर महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों पर पड़ा है। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' में शोधकर्ता फेरेश्ता अब्बासी ने कहा, 'तालिबान के साथ किसी भी तरह की बातचीत में मानवाधिकारों की रक्षा और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, न कि लोगों को ऐसे स्थान पर निर्वासित किया जाना चाहिए, जहां उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है।'

उन्होंने कहा, 'यूरोपीय संघ के देश एक ओर तालिबान द्वारा किए जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों की निंदा कर रहे हैं और जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात कर रहे हैं, जबकि दूसरी ओर अफ्गानों को जबरन वापस भेजने के लिए तालिबान के साथ सहयोग कर रहे हैं। इससे उनकी विश्वसनीयता कमजोर पड़ रही है।' ईयू के किसी भी देश ने अब तक तालिबान को मान्यता नहीं दी है। बेल्जियम ने तालिबान प्रतिनिधिमंडल को 24 घंटे का वीजा जारी किया है। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट ने कहा कि बेल्जियम ने तालिबान प्रतिनिधियों को वीज़ा देने के ईयू के अनुरोध का पालन किया। यूरोपीय आयोग के एक प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि समूह के 20 देशों ने अक्टूबर में एक पत्र पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें मजबूत प्रवासन नीतियों की मांग की गई थी। इसमें निर्वासन की प्रक्रिया को और तेज़ पर भी जोर दिया गया था। पहली ईयू-तालिबान बैठक जनवरी में अफ्गानिस्तान में हुई थी, जब यूरोपीय आयोग ने काबुल में एक मिशन भेजा था। पिछले एक साल में लगभग 30 लाख अफ्गान नागरिकों को पाकिस्तान और ईरान से वापस भेजने के चलते अफ्गानिस्तान में मानवीय संकट और गहरा गया है, क्योंकि देश पहले से ही खाद्य और आर्थिक संकटों से जूझ रहा है।

# बुजुर्ग को पीटकर लूट लिए 2.47 करोड़ रुपये, लोहे की पाइप लेकर घर में घुसे थे बदमाश..

डेस्क जगप्रेरणा।

*गुजरात के राजकोट जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। 5 नकाबपोश बदमाशों ने 77 वर्षीय एक बुजुर्ग के घर में घुसकर न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि 2.47 करोड़ रुपये नकद,*




गहने और एक लाइसेंसी राइफल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया यह घटना शापर इलाके में करीब रात डेढ़ बजे हुई। बदमाश लोहे की पाइप से लैस होकर घर में घुसे और बुजुर्ग जितेंद्र सिंह जडेजा पर हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाशों ने उनकी छाती और कलाई पर वार किया।

## बदमाशों ने बुजुर्ग के मुंह में ठूंसा कपड़ा..

रेंज पुलिस महानिरीक्षक निरलिप्त राय ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि एक आरोपी ने बुजुर्ग के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया ताकि वह शोर न मचा सकें और मदद न बुला सकें। लुटेरे घर से 2.47 करोड़ रुपये नकद, करीब दो लाख रुपये के सोने के गहने और 10,000 रुपये मूल्य की एक लाइसेंसी राइफल भी लूटकर फरार हो गए। इसके अलावा उन्होंने बुजुर्ग का मोबाइल फोन भी छीन लिया और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया।

## किसी तरह बुजुर्ग ने बेटे से किया संपर्क..

जितेंद्र सिंह जडेजा रिटायरमेंट के बाद अपनी पत्नी के साथ शापर में रहते हैं। उनका बेटा राजकोट शहर में एक पेट्रोल पंप पर मैनेजर के रूप में काम करता है और वहीं रहता है। शिकायत के मुताबिक, घटना के समय बुजुर्ग घर में अकेले थे, क्योंकि उनकी पत्नी फ्रैक्चर के इलाज के लिए राजकोट में भर्ती थीं।

पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद जडेजा किसी तरह कमरे से बाहर निकलने में सफ्ल रहे और उन्होंने अपने बेटे से संपर्क किया, जिसके बाद उन्हें थाने ले जाया गया।

## आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें गठित..

रेंज आईजी निरलिप्त राय ने कहा, 'तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी की मदद से हमें जल्द ही अपराधियों को पकड़ने की उम्मीद है।' घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड, और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे और घर से सबूत जुटाए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें गठित की हैं और आसपास के इलाकों में नाकेबंदी कर दी गई है। इस संबंध में शापर-वेरावल थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200







# स्कॉटलैंड पर न्यूजीलैंड की जीत में चमकीं मेली और शार्प..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कप्तान मेली केर के फिरकी के जादू के बाद इजी शार्प के अर्धशतक से गत चैंपियन न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के करो या मरो के ग्रुप दो मुकाबले में स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।***



श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से जल्द बाहर होने का खतरा झेल रहे न्यूजीलैंड ने 132 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 26 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे। शार्प (62 रन, 43 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) ने हालांकि अर्धशतक जड़ने के अलावा ब्रूक हैलीडे (नाबाद 41, 38 गेंद, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी करके 18.2 ओवर में टीम का स्कोर चार विकेट पर 132 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिलाई।

इस जीत से न्यूजीलैंड की टीम चार मैच में दो जीत और दो हार से चार अंक के साथ अंक तालिका में इंग्लैंड (06 अंक) और वेस्टइंडीज (06) के बाद तीसरे स्थान पर है।

स्कॉटलैंड की ओर से कैथरीन ब्राइस (13 रन पर दो विकेट) और राशेल स्लेटर (22 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। स्कॉटलैंड ने इससे पहले युवा सलामी बल्लेबाज डार्सी कार्टर के नाबाद अर्धशतक से सात विकेट पर 131 रन बनाए। डार्सी ने 52 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से नाबाद 72 रन की पारी खेलने के अलावा साथी सलामी बल्लेबाज कैथरीन फ्रेजर (07) के साथ पहले विकेट के लिए 51 और सारा ब्राइस (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की। न्यूजीलैंड की ओर से मेली सबसे सफल गेंदबाजी रहीं जिन्होंने अपनी लेग स्पिन से 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सोफी डिवाइन ने भी 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद डार्सी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने पहले विकेट के लिए 7.1 ओवर में 51 रन जोड़े जिसमें फ्रेजर का योगदान सिर्फ सात रन का रहा। लिया ताहुहु (19 रन पर एक विकेट) ने फ्रेजर को सूजी बेट्स के हाथों कैच कराके अपना 100वां टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किया। मेली ने इसके बाद विरोधी कप्तान कैथरीन ब्राइस (05) को आउट किया। डार्सी और सारा ने पारी को संभाला। डिवाइन ने सारा को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके मारे। डार्सी ने जेस केर पर एक रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। मेली ने 19वां ओवर मेडन डालने के अलावा प्रियानाज चटर्जी (12) और पिपा स्प्रोल (00) के विकेट भी चटकाए।

# अलका याग्निक को मिला पद्म भूषण, लेकिन उनकी तबीयत ने खींचा ध्यान, सहारा देकर मंच तक लाई गई सिंगर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय संगीत और प्लेबैक सिंगिंग की दुनिया में चार दशकों तक राज करने वाली दिग्गज गायिका अलका याग्निक को साल 2026 में देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' से नवाजा गया है।***



राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे सिविल इन्वेस्टिचर समारोह के दौरान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें भारतीय सिनेमा और संगीत में उनके अमूल्य योगदान के लिए इस गौरवशाली पुरस्कार से सम्मानित किया। यह 65वां पद्म पुरस्कार समारोह था, जहां कला, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों की कई नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस बेहद खास और ऐतिहासिक मौके पर मशहूर सिंगर अलका याग्निक की सादगी नेतो दिल जीता ही, लेकिन उनकी सेहत ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## अल्का के इस पल ने फैंस को किया भावुक..

अल्का याग्निक एक बेहद खूबसूरत प्रिंटेड कुर्ते में नजर आईं, जिस पर बारीक फूलों और पारंपरिक बूटेदार डिजाइन थे। अपने इस एथनिक लुक को और अधिक खूबसूरत बनाने के लिए उन्होंने कंधे पर एक ऑर्गेंजा दुपट्टा ओढ़ा हुआ था। मिनिमल मेकअप, पारंपरिक लाल बिंदी, हाथ में सोने की चूड़ियां और अंगूठी के साथ उनका लुक बेहद शालीन था, लेकिन जब सिंगर मंच पर आने के लिए आगे बढ़ीं तो उन्हें सहारा देती एक महिला कर्मी नजर आई। सिंगर महिला कर्मी के सपोर्ट के साथ राष्ट्रपति के पास पहुंची और सम्मान हासिल किया। इस पल ने सिंगर के फैंस को भावुक कर दिया।

## इस बीमारी से जूझ रहीं अल्का..

दरअसल लोकप्रिय सिंगर इन दिनों एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझ रही हैं। अचानक हुए एक गंभीर वायरल अटैक के कारण वे सेंसोरिन्यूरल हियरिंग लॉस नामक एक दुर्लभ हेल्थ सिचुएशन का सामना कर रही हैं।

उन्होंने पहली बार साल 2024 में सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को इस बीमारी के बारे में बताया था। अपनी इस बीमारी और रिकवरी के चलते म्यूजिक कंपोज़र्स से लगातार बड़े ऑफर्स मिलने के बावजूद वे फिलहाल किसी भी नए सिंगिंग प्रोजेक्ट या रिकॉर्डिंग का हिस्सा नहीं बन पा रही हैं और पूरी तरह अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दे रही हैं।

## अल्का यागनिक का करियर..

बता दें कि 1990 और 2000 के दशक में अलका याग्निक बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा और जादुई आवाजों में से एक रही हैं। उन्होंने 'खलनायक', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'कुछ कुछ होता है' और 'ताल' जैसी अनगिनत ब्लॉकबस्टर और क्लासिक फिल्मों में अपनी यादगार आवाज देकर लोगों का दिल जीता। सिंगर ने 1000 से भी ज्यादा गानों को आवाज दी है

# भारत ने एफआईएच प्रो लीग में पाकिस्तान को 4.3 से हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ पिछले एक दशक का अपराजेय अभियान जारी रखते हुए एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण का आगाज 4.3 से जीत के साथ किया हालांकि आखिरी क्वार्टर में दो गोल नहीं गंवाये होते तो जीत का अंतर बेहतर होता ।***



प्रो लीग की तालिका में आखिरी स्थान पर काबिज पाकिस्तान ने आठवें मिनट में ही नदीम अहमद के गोल के दम पर बढत बना ली । भारत के लिये दूसरे क्वार्टर में 22वें मिनट में अभिषेक ने फील्ड गोल करके बराबरी दिलाई और 24वें मिनट में नीलाकांता शर्मा ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करके बढत दिला दी। हाफटाइम तक भारत 2.1 से आगे था। तीसरे क्वार्टर में सुखजीत सिंह ने 40वें मिनट में फील्ड गोल करके बढत 3 . 1 की कर दी ।k

चौथे क्वार्टर में 52वें मिनट में राजिंदर सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर भारत का चौथा गोल किया तो बड़े अंतर से जीत तय लग रही थी । लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने और डिफेंस के चरमराने की कमजोरी फिर उजागर हुई और पाकिस्तान के लिये महमूद अबू (53वां मिनट) और शकील मोईन (60वां) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत की जीत का अंतर कम कर दिया। भारत को अब शुक्रवार को मेजबान इंग्लैंड से खेलना है। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे के सामने थे जब भारत ने हरमनप्रीत सिंह के दो गोल के दम पर 2 . 1 से जीत दर्ज की थी । पाकिस्तान ने आखिरी बार 2016 में भारत को हराया था जब गुवाहाटी में सैफ खेलों में भारत की दूसरे दर्जे की टीम ने भाग लिया था ।

कोच क्रेग फुल्टन को हालांकि आखिरी मिनटों में गोल गंवाने की कमजोरी से पार पाने के लिये मेहनत करनी होगी चूंकि भारत को इस साल विश्व कप और एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंट खेलने हैं। नीदरलैंड और बेल्जियम में अगस्त में होने वाले विश्व कप में पाकिस्तान भारत के ही पूल में है। पहले क्वार्टर में धीमी शुरूआत के बाद भारत ने लय हासिल कर ली और इस जीत के बाद अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है । शुरूआत में दोनों टीमों ने काफी एहतियात के साथ खेला । पाकिस्तान को पहली सफलता आठवें मिनट में मिली जब नदीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया ।

भारत ने तुरंत जवाबी हमले बोले लेकिन अच्छे मूव को अंजाम तक नहीं ले जा सके । भारत को पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन पाकिस्तानी गोलकीपर अली रजा ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को गोल नहीं करने दिया। दूसरे क्वार्टर में दिलप्रीत सिंह का दमदार शॉट रजा ने बचा लिया लेकिन रिबाउंड पर अभिषेक ने गोल करके भारत को बराबरी दिलाई। तीन मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और नीलाकांता ने रिबाउंड पर गोल करके भारत को बढत दिलाई। रजा ने 28वें मिनट में जुगराज सिंह को और उसके एक मिनट बाद हरमनप्रीत को पेनल्टी पर गोल नहीं करने दिया । हाफटाइम तक स्कोर 2 . 1 था । पाकिस्तान ने तीसरे क्वार्टर में कई बार भारतीय सर्कल में प्रवेश किया लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने चुस्ती दिखाई । अमित रोहिदास ने पाकिस्तान के नदीम के जवाबी हमलों को नाकाम किया । भारत के लिये 40वें मिनट में अभिषेक के पास पर सुखजीत ने गोल दागा । आखिरी क्वार्टर में हालांकि पाकिस्तान ने वापसी की जोरदार कोशिश की । पाकिस्तान को 51वें मिनट में मिले दो पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए और भारत ने जवाबी हमले में अगले मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया । हरमनप्रीत ने चतुराई दिखाते हुए राजिंदर को शॉट लेने का मौका दिया और स्थानापन्न गोलकीपर वकार को छकाते हुए उन्होंने गोल करके भारत को 4 . 1 से बढत दिला दी । इससे पहले भारत ने रोटरडम चरण में चार में से दो मैच जीते। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ मिली। अन्य दो मैच में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 2-3 जबकि जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

# 'वेलकम टू द जंगल' पर चली सेंसर की कैंची, अक्षय की फिल्म में 18 बदलाव, कटे दिशा-जैकलीन के सीन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर 'वेलकम टू द जंगल' लंबे समय से रिलीज के इंतजार में थी और अब आखिरकार ये सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। मगर, फिल्म पर सेंसर बोर्ड ने कैंची चला दी है।***




सेंसर बोर्ड ने फिल्म के 18 सीन में बदलाव के साथ इसे **UA** 16+ सर्टिफिटेक के साथ पास कर दिया है। सीबीएफसी ने फिल्म में दिशा पाटनी और जैकलीन फर्नांडिस के सीन्स पर भी कैंची चला दी है, खासतौर पर बिकिनी सीन पर। इन तमाम कट्स के बाद अब अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की लंबाई 2 घंटे 44 मिनट है। चलिए जानते हैं कि बोर्ड ने फिल्म के किस-किस सीन पर कैंची चलाई है और क्या-क्या बदलाव करने को कहा है।

## 'वेलकम टू द जंगल' पर चली सेंसर की कैंची..

वैराइटी इंडिया के अुसार, 'वेलकम टू द जंगल' को सेंसर बोर्ड से क्लियरेंस मिल चुकी है और ये फिल्म **UA** 16+ सर्टिफिकेट के साथ पास हो चुकी है। इस फिल्म में बोर्ड ने 18 बदलावों को कहा है, जिसमें सबसे बड़े बदलाव दिशा और जैकलीन के सीन में हुए हैं। 'वेलकम टू द जंगल' में दिशा और जैकलीन के बिकिनी सीन पर सेंसर ने कैंची चला दी है। इसके अलावा कुछ वल्गर और डबल मीनिंग वाले जोक्स को भी म्यूट कर दिया गया है। फिल्म में जहां कश्मीर का जिक्र है, उस हिस्से को भी बदल दिया गया है। संवेदनशील, राजनीतिक या अभद्र शब्दों में बदलाव के निर्देश भी दिए हैं और 'कश्मीर का पानी' जैसे डायलॉग्स पूरी तरह हटा दिए गए हैं। बोर्ड ने मेकर्स से ये डिमांड भी की है कि 'गोरखा रेजिमेंट' और 'जनरल' जैसे शब्दों को हटाकर 'तुम आर्मी से हो?' या 'ऑफिसर/सर' शब्दों के इस्तेमाल के निर्देश दिए हैं।

## बदले जाएंगे ये डायलॉग..

'वेलकम टू द जंगल' के कई डायलॉग बदले और काटे गए हैं। इनमें 'सादा पैदा हुआ है... नमूना हुआ है', 'काला पैदा हुआ है, कोयला है', 'सुनो सुनाता हूं कहानी, जो शहीद होने जा रहा था उसके मुंह में भर लो पानी', 'याद करो कुर्बानी, मुंह में भर लो पानी' जैसे डायलॉग्स को बदलने के निर्देश दिए हैं। वहीं अजरुद्दीन को बदलकर अल्लाउद्दीन कर दिया गया है।

दिशा पाटनी और जैकलीन फर्नांडिस के सेंशुअल सीन्स को हटा दिया गया है। ये करीब 10 सेकेंड के सीन हैं, जिन्हें हटाया गया है। हाथ से किए गए अश्लील इशारे वाले सीन भी हटा दिए गए हैं।

## कब रिलीज हो रही है 'वेलकम टू द जंगल'?

'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज की बात करें तो ये 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ये फिल्म 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, दिशा पाटनी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, लारा दत्ता, परेश रावल, राजपाल यादव, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, जॉनी लीवर और फरीदा जलाल सहित करीब 30 स्टार हैं। फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है।

# मेस्सी ने बनाया रिकॉर्ड, आस्ट्रिया को हराकर अर्जेंटीना नॉकआउट चरण में..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***लियोनेल मेस्सी विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए और उनके दो गोल की मदद से गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने आस्ट्रिया को 2 . 0 से हराकर नॉकआउट चरण में जगह बना ली।***



मेस्सी के पास नौवे मिनट में ही रिकॉर्ड तोड़ने का मौका था लेकिन पेनल्टी किक पर उनका शॉट बाहर चला गया । इसके आधा घंटे बाद उन्हें 17वां गोल करके जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोसे का 16 गोल का रिकॉर्ड तोड़ा। पहले मैच में अल्जीरिया के खिलाफहैट्रिक लगाकर उन्होंने क्लोसे के विश्व कप में 16 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मेस्सी ने कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं । इससे हमें आगे आराम से खेलने का मौका मिला । विश्व कप के सभी मैच काफी कठिन है और मैं इस पल का पूरा आनंद ले रहा हूं ।' आठ बार के बलोन डि ओर विजेता ने कहा ,'पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाने से मैं काफी नाराज था लेकिन बाद में इसकी भरपाई कर ली ।'

खचाखच भरे स्टेडियम में अधिकांश दर्शक मेस्सी की दस नंबर की जर्सी पहने थे । यह रिकॉर्ड ठीक उसी दिन बना, जिस दिन दिवंगत डिएगो माराडोना ने 'गोल ऑफ द सेंचुरी' किया था। माराडोना भी 10 नंबर की जर्सी पहनते थे और उन्होंने 1986 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ अकेले ही मिडफील्ड के दूसरी तरफसे दौड़ते हुए गोल करके अर्जेंटीना को 2-1 से जीत दिलाई थी । बाद में अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट भी जीता था । विश्व कप में यह लगातार छठा मैच था जिसमें मेस्सी ने गोल किया । वह फ्रांस के जस्ट फोंटेन और ब्राजील की जेरजिन्हो के बाद यह कारनामा करने वाले अकेले खिलाड़ी हैं । वह सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों में 122 गोल के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो (143) के बाद दूसरे स्थान पर हैं ।

फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे ने भी ईराक पर 3 . 0 से मिली जीत में दो गोल दागे और अब वह क्लोसे के 16 गोल की बराबरी करके संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं । पहले मैच में जोर्डन को हराने वाला आस्ट्रिया अगर अल्जीरिया को अगले मैच में हरा देता है तो अंतिम 32 में पहुंच सकता है । वहीं अर्जेंटीना को शनिवार को जोर्डन से खेलना है ।




# Alpha की रिलीज से पहले चर्चा में आलिया का पोस्ट, शरवरी की 'मैं वापस आऊंगा' की फैन हुईं एक्ट्रेस, की तारीफ..

डेस्क जगप्रेरणा।

***इम्तियाज़ अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' रिलीज होने के बाद से ही चर्चा में है। दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ, वेदांग रैना और नसीरुद्दीन शाह स्टारर ये फिल्म अब इस बात का भी बेहतरीन उदाहरण बन चुकी है***



कि दर्शकों की तारीफ कैसे किसी फिल्म की किस्मत बदल सकती है। रिलीज के बाद जहां इस फिल्म की रफ्तार धीमी रही तो वहीं दर्शकों से मिली तारीफ के बाद जैसे इसकी किस्मत ही पलट गई। रिलीज के दूसरे हफ्ते में 'मैं वापस आऊंगा' की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है

और फिल्म की इस सफलता पर अब आलिया भट्ट ने भी प्रतिक्रिया दी है। आलिया भट्ट ने अपनी 'अल्फा' को-स्टार शरवरी वाघ की फिल्म की तारीफ में एक पोस्ट साझा की है, जिसे शरवरी ने भी री-पोस्ट किया है।

## आलिया ने की 'मैं वापस आऊंगा' की तारीफ..

आलिया ने 'मैं वापस आऊंगा' की तारीफ में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा- 'ये सिनेमा का जादू है...' आलिया की ये पोस्ट शरवरी वाघ ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर री-पोस्ट की है और आलिया को अपनी सबसे बड़ी चीयरलीडर बताया है। असल में, दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई में करीब 130 फीसदी की उछाल दर्ज की गई। फिल्म की इस कामयाबी को देखकर निर्देशक इम्तियाज अली और पूरी फिल्म की टीम बेहद खुश है। इसी बीच, शरवरी ने भी इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है।

## 'मैं वापस आऊंगा' की सफलता से फूली नहीं समा रहीं शरवरी..

शरवरी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इस फिल्म से जुड़े कुछ पलों की झलकियां और 'मैं वापस आऊंगा' के सेट की कुछ बिहाइंड-द-सीन तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में एक बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट भी था, जिसमें फिल्म की कमाई में आए ग्रोथ और स्क्रीनिंग की बढ़ती मांग के बारे में बताया गया था। शरवरी ने ये पोस्ट साझा करते हुए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया और लंबा-चौड़ा मैसेज भी लिखा।

## शरवरी वाघ का पोस्ट..

शरवरी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मुझे नहीं पता था कि जिस चीज में आपने अपना दिल लगा दिया हो, वो जब दूसरों के दिलों में जगह बनाती है तो उसे देखकर इतना अच्छा महसूस होता है। मैसेज, वीडियो, आंसू, बातचीत, प्यार... मैं लगातार ये सब पढ़ और देख रही हूं, और जब मैं ये सब देखती हूं तो कई बार मेरी अपनी आंखों में भी आंसू आ जाते हैं।

हर एक्टर का सपना होता है कि वो एक ऐसी कहानी का हिस्सा बने जो थिएटर से निकलने के बाद भी लोगों के दिलों में रहे। 'मैं वापस आऊंगा' से इतने सारे लोगों को जुड़ता देखकर एक अलग ही खुशी हो रही है। इसे इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद। हमारे साथ इसकी हर भावना को महसूस करने के लिए धन्यवाद। इस फिल्म को अपने प्यार के साथ इतना आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद। माय हार्ट इस फुल।'

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



# जग प्रेरणा साहित्य अभिव्यक्ति





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## भारतीय इतिहास :सत्य, आत्मसम्मान और आत्ममंथन की त्रिवेणी बने

मानव समाज की समय के साथ विकसित होती यात्रा का क्रमबद्ध एवं विवेचनात्मक विवरण इतिहास कहलाता है। इतिहास हमें अपने अतीत की सभ्यता, संस्कृति, सामाजिक संरचनाओं और राजनीतिक परिवर्तनों को समझने का अवसर प्रदान करता है। किन्तु इतिहास का यह उद्देश्य तभी सार्थक हो सकता है जब उसका लेखन और विश्लेषण तथ्यपरकता, निष्पक्षता और बौद्धिक ईमानदारी के साथ किया गया हो।इतिहास केवल घटनाओं और तिथियों का संग्रह नहीं होता; वह किसी राष्ट्र की सामूहिक स्मृति, आत्मबोध और भविष्य-दृष्टि का आधार भी होता है। भारतीय इतिहास के संदर्भ में लंबे समय से एक विमर्श चलता रहा है कि विदेशी अथवा औपनिवेशिक शासन के दौर को केवल 'पराधीनता काल' कहा जाए अथवा उसे 'सतत संघर्ष काल' के रूप में भी समझा जाए। यह प्रश्न केवल शब्दों के चयन का नहीं, बल्कि इतिहास-दृष्टि, राष्ट्रीय चेतना और सामूहिक आत्मसम्मान से जुड़ा हुआ है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भी यह विचार व्यक्त किया है कि भारत का इतिहास केवल गुलामी का नहीं, बल्कि निरंतर संघर्ष का इतिहास है। यह दृष्टिकोण भारतीयों की प्रतिरोधात्मक और पुनरुत्थान की प्रक्रियाओं को भी रेखांकित करता है।

यह निर्विवाद है कि लगभग 12वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से लेकर 1947 तक भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न क्षेत्रों पर अलग-अलग समय में बाह्य मूल के शासकों तथा अंततः ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का प्रभाव रहा। इस दौरान शासन, कर व्यवस्था, न्याय व्यवस्था तथा संसाधनों पर स्थानीय समाज का पूर्ण नियंत्रण सीमित हो गया था। संभवतः इसी ऐतिहासिक यथार्थ के आधार पर इस कालखंड को 'पराधीनता' कहा गया।किन्तु क्या इतने व्यापक और बहुआयामी कालखंड को केवल 'पराधीनता' की संज्ञा देकर समझा जा सकता है?

यदि भारतीय इतिहास का समग्र अध्ययन किया जाए, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि राजनीतिक नियंत्रण के अनेक चरणों के समानांतर समाज में प्रतिरोध, सांस्कृतिक संरक्षण, पुनर्निर्माण और स्वाधीनता की चेतना निरंतर सक्रिय रही। भारत के इतिहास में ऐसा कोई कालखंड नहीं दिखाई देता जब संपूर्ण समाज ने निष्क्रिय होकर परिस्थितियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया हो।

मध्यकालीन भारत इसका सबसे प्रखर उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस युग में जब दिल्ली सल्तनत और मुगल साम्राज्य अपने चरम पर थे, तब भी राजनीतिक और सांस्कृतिक प्रतिरोध कभी थमा नहीं। राजपूताना में मेवाड़ के शौर्य-प्रतीक महाराणा प्रताप का संघर्ष इसका अप्रतिम उदाहरण है। अकबर की विशाल सेना और अकूत संसाधनों के सामने घुटने टेकने के बजाय, महाराणा प्रताप ने जंगलों में रहकर, सीमित साधनों के बावजूद मातृभूमि की स्वतंत्रता और आत्मसम्मान के लिए जो अनवरत युद्ध लड़ा, उसने आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रतिरोध का एक अमर आदर्श स्थापित किया। उनका संघर्ष इस बात का प्रमाण है कि भारत की आत्मा ने कभी पराधीनता को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया।इसी कालखंड में पूर्वोत्तर भारत में अहोम साम्राज्य ने वीर लाचित बोरफुकन के नेतृत्व में 1671 के सराईघाट युद्ध में मुगल विस्तार को निर्णायक रूप से रोका। दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य ने लंबे समय तक राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति का केंद्र बने रहकर सनातन संस्कृति की रक्षा की। बाद के काल में छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित 'हिन्दवी स्वराज्य' की अवधारणा तथा मराठा शक्ति का विस्तार भारतीय राजनीतिक पुनरुत्थान का स्वर्णिम अध्याय बना। वहीं, गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना ने धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक प्रतिरोध को एक नई और ओजस्वी दिशा प्रदान की।ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में यह प्रतिरोध अधिक व्यापक और संगठित रूप ग्रहण करता दिखाई देता है। 1757 के प्लासी युद्ध के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में अनेक जन-विद्रोह हुए, जैसे संन्यासी आंदोलन, चुआर विद्रोह तथा 1855ङ्क56 का संथाल हुल। 1857 का स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास का एक ऐसा क्रांतिकारी मोड़ था, जिसे औपनिवेशिक इतिहासकारों ने भले ही 'सिपाही विद्रोह' कहा हो, पर भारतीय चेतना इसे 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' के रूप में देखती है।

इसके बाद सामाजिक और वैचारिक पुनर्जागरण की प्रक्रियाएँ भी समानांतर रूप से चलीं। राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जैसे चिंतकों ने समाज में आत्मचेतना, शिक्षा और सुधार के विचारों को बल दिया। 20वीं सदी में स्वदेशी आंदोलन, असहयोग, सविनय अवज्ञा और भारत छोड़ो आंदोलन ने स्वतंत्रता संघर्ष को व्यापक जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। साथ ही दादाभाई नौरोजी द्वारा प्रतिपादित 'धन के निष्कासन सिद्धांत' ने औपनिवेशिक आर्थिक शोषण की वैचारिक परतें खोल दीं।

औपनिवेशिक काल के अनेक इतिहासकारों ने भारतीय समाज को अक्सर विभाजित, निष्क्रिय और बाह्य शक्तियों पर निर्भर समाज के रूप में प्रस्तुत किया। इसके विपरीत, आधुनिक भारतीय इतिहासकारों तथा उपनिवेशोत्तर अध्ययन की परंपरा ने यह सिद्ध किया है कि भारतीय समाज ने विभिन्न कालखंडों में अनुकूलन, प्रतिरोध और पुनर्निर्माण की उल्लेखनीय क्षमता प्रदर्शित की। हालाँकि , इतिहास को केवल 'संघर्ष काल' के रूप में देखना भी पर्याप्त नहीं होगा; क्योंकि ऐसा करने पर राजनीतिक पराधीनता, आर्थिक दोहन, सामाजिक विसंगतियों और औपनिवेशिक नीतियों के क्रूर प्रभावों को कम करके आँकने का जोखिम उत्पन्न हो सकता है। इसी प्रकार यदि इतिहास को केवल 'पराधीनता काल' कहकर सीमित कर दिया जाए, तो हमारे पूर्वजों के संघर्ष, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता चेतना के अनेक गौरवशाली आयाम छिप जाएंगे।

अतः अधिक संतुलित दृष्टिकोण यह प्रतीत होता है कि भारतीय इतिहास के इन कालखंडों को 'पराधीनता और सतत संघर्ष' दोनों के सहअस्तित्व' के रूप में समझा जाए। यह दृष्टि न तो ऐतिहासिक पीड़ा को नकारती है और न ही प्रतिरोध और पुनरुत्थान की हमारी महान परंपरा को। इतिहास का उद्देश्य केवल यह बताना नहीं है कि हमारे साथ क्या हुआ, बल्कि यह भी है कि हमने परिस्थितियों का सामना कैसे किया। इसलिए इतिहास को इस प्रकार पढ़ना और लिखना आवश्यक है कि वह सत्य, आत्मसम्मान और आत्ममंथन, तीनों का संतुलन बनाए रखे।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## सतत सहयोग हो जग में

मुक्ति नहीं चाहती मैं,
सतत सहयोग हो जग में।
मार्गदर्शक बन राह दिखाना,
जब हों कंटक जीवन-पथ में।
कभी नैराश्य तुम में हो,
मैं आशा का संचार करूं।
तुम्हारे जीवन-नौका की,
मैं सदा पतवार बनूं।
यदि कभी बोझिलता,
महसूस करूं।
तुम बोझिलता मेरी,
दूर करो।
जीवन-पथ में लगातार,
मेरा सहयोग भरपूर करो।
मैं हूँ ऊर्जा,
तुम एक विचार।
मानवता का ,
करते प्रसार।
एक बनें, शक्ति बनें;
हो समरसता स्वीकार।
'यमुनेश्वरी' की चाह यही,
हो सप्त स्वरों की
मृदुल झंकार।
पारस्परिक समर्पण से,
हो मानवता का श्रृंगार।
मुक्ति नहीं चाहती मैं,
सतत सहयोग हो जग में।
मार्गदर्शक बन
राह दिखाना,
जब हों कंटक
जीवन-पथ में।

रचनाकार



वल्लभ यमुनेश्वरी नैनपुर

## खिड़की पर चांद..

जब खिड़की पर आता चांद।
मन को बहुत लुभाता चांद।
सुनता नहीं बात किसी की
अपनी बहुत सुनाता चांद।
लुकाछिपी कभी खेलता
कभी बहुत शरमाता चांद।
और कभी लगता मुस्काता
अपने पास बुलाता चांद।
जब आता बरसाती मौसम
तब छुट्टी पर जाता चांद।
इतना उजला, इतना सुन्दर
कौन नदी है नहाता चांद।
चम चम चमके रूप सलोना
कौनसी क्रीम लगाता चांद।
ऐसा लगता जनम जनम का
हम सबसे तेरा नाता चांद।
जब जब चौथ के दिन है आते
अपने भाव बढ़ाता चांद।
रात घूमता आसमान में-
फिर दिन भर सुस्ताता चांद।।

रचनाकार




शशि तिवारी, गोंदिया महाराष्ट्र

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 201



ck;s ls nk;s & 1) स्व. नेहरु के निधन के बाद बने कार्यकारी प्रधानमंत्री 8) अन्तिम समय 11) देश में बसे लोगों की गणना करना 15) नींद खुलना 16) मधु 17) पूरा अदा करना, देने की कुछ भी बाकी न रखना 19) मंगनी की विधि 20) कपड़ा धोने का एक साबुन 22) कान और आंख के बीच का स्थान 24) स्थान 25) मुंबई के भूतपूर्व निलंबित उपायुक्त का कुलनाम 26) प्राणप्रिय, प्यारा 27) ऊंचे से नीचे स्थान पर लाना 29) परामर्श 31) थोडासा 32) रावण 34) पराजय और विजय 35) एक पुरानी भाषा व लिपि 36) किसी व्यक्ति या संस्था के पच्चीस वर्ष होने के उपलक्ष्य में मनाया जानेवाला समारोह 40) प्याला (अं. ) 41) न्यायालय में न्यायाधीश व्दारा किसी मुकदमे की सुनने की क्रिया 43) दृश्य 44) हार 45) अन्य का, जो अपना न हो 46) श्रीराम के पूर्वज एक सुर्यवंशी राजा 48) किसी संस्था आदि की सामान्य सभा 50) लीपने – पोतने का काम 51) संतति 53) वाहन 54) शिकार 55) शराब पीने का प्याला 56) अनेक वर्षो से उच्च पदों के लिए चुनाव लड़ने वाले सरदार कर्तारसिंग थत्ते का उपनाम 58) उफनना, खौलना 60) चोली 63) बढ़ने न देना या मना करना 64) प्रवाहित होना 65) अन्नाद्रमुक के प्रसिद्ध नेता जिनके निधन के बाद जयललिता तामिलनाडु की मुख्यमंत्री बन सकी 67) जेल की तंग और अंधेरी कोठरी 70) शिक्षित, लिटरेट का हिन्दी पर्याय 71) म.प्र.के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 73) वृद्धावस्था 74) आफ्रीका का एक देश जिस की राजधानी ग्रेरोन्स है, नाक या सुंघनी 75) जिसके टुकड़े – टुकड़े हो गये हों 76) नश्वर 78) मुसलमानोंका एक त्यौहार 79) साथ में रहना 81) भारत का पश्चिम की ओर का एक राज्य 82) सत्य, उचित 83) पंख 84) एक वाद्य 85) चीज 87) नारायण शब्द का अशुद्ध उच्चारण 90) महाराष्ट्रीयन स्त्रियोंव्दारा नाक में पहनने का एक अलंकार 91) कैद में रहना 92) अपराध करना 95) संरक्षक (उर्दु) 96) स्वास्थ 97) पुरानी मान्यताओं या परंपरा के अनुसारही चलने वाला, इस अर्थ का एक मुहावरा 100) चिठ्ठी 101) कारखाने आदि में काम करने वाला मजदूर 103) पहनावा कराना 104) माता, जननी 105) मुसलमानों की प्रार्थना 106) हिमालय, शिवजी 107) एक अवैध मादक पदार्थ

Aij ls uhps – 1) प्रार्थना 2) किसी काम में प्रवृत्त होने का भाव, विवाह 3) प्रस्थान करना 4) शव 5) दमकना, लहराना 6) पुत्र 7) गोद, आकडा 8) गणित का एक प्रकार 9) किस्म 10) एक आंख से देखने वाला 11) प्रज्वलित होना 12) गायब 13) बन्दूक (अं) 14) सुकुमारी 17) चोट करने वाला 18) मुकूट 19) परशुराम का शस्त्र 21) आजाद हिन्द सेना के संस्थापक 23) शरीर के पार्श्व भाग की हड्डी 25) दान करनेवाला 26) जान की बाजी लगा देना अर्थवाला एक दुसरा मुहावरा 27) हृदय 28) रत्न 30) हानि, क्षति 31) रामायण में वर्णित कौए का पूर्वजन्म का नाम जो सीताजी के अंग पर चोंच से प्रहार करता है, 33) साग 34) अंग्रेजों या मुसलमानों के शासनकाल का एक पद, प्रधान या बड़ा अधिकारी 35) पूरी की पूरी रकम अदा करना अर्थ वाला एक मुहावरा 37) एक राक्षस जो कंस का ससुर था 38) जामिन, जो जमानत करे 39) श्रीकृष्ण का भव्य रुप 42) अंगद का पिता 43) परिणाम 45) थkkeuk] /kjuk 47) जांघ व टांग के बीच का पैर का जोड 48) दुःख, पीड़ा या शोक सूचक उद्गार, राजकपूर व नरगिस की एक फिल्म 49) सत्य 52) पार उतारना 53) संदेह करना 54) जलवायु 57) प्रत्यक्ष का विरुद्धार्थी शब्द 58) अभ्यंग, नहाने के पहले शरीर पर मलने का सुगंधीत लेप 59) भटका हुआ 61) मेख, खीला, कांटा 62) वाचक, ब्राम्हणों का एक कुलनाम 65) रजोगुणी 66) नाक, सुंघनी 68) घोड़ागाड़ी हांकने वाला 69) एक पुरानी अभिनेत्री,, मोहसिन खान की तलाकशुदा बीबी 70) एक पक्षी 71) महाराष्ट्र के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 72) मान – सम्मान, आवभगत 77) हलफनामा 78) उ. प्र. का एक जिला मुख्यालय 80) इन्दिरा गांधी व्दारा बचपन में तैयार किया हुआ बालकों का दल 84) गिर गया 85) तह 86) कण 88) शासन प्रबन्ध 89) लवणयुक्त 90) राजा 91) किसान, खेतिहार 92) बालों में लगाया जानेवाला काला रंग, खिजाब 93) बताना, बोलना 94) विश्वास, खात्री 98) लक्ष्मी 99) नस 102) शरीर पर उगनेवाला मांस का दाना (जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | र | गि | ल | ■ | बा | ल | बा | ल | ब | च | ना | ■ | दो | आ | ब | ■ | अ | मा | न | त |
| ली | ■ | रि | ■ | प | र | व | ल | ■ | ल | ल | क | ना | ■ | खि | ला | ■ | सु | ना | र | ■ |
| न | व | जा | त | ■ | बा | ण | ■ | ज | वा | न | ■ | जु | आ | री | ■ | र | वि | ■ | मी | न |
| ■ | र | ■ | ल | ह | र | ■ | क | मा | न | ■ | र | क | म | ■ | रा | ज | धा | नी | ■ | व |
| वा | द | वि | वा | द | ■ | अ | म | न | ■ | भ | स्म | ■ | ना | ज | ■ | नी | ■ | म | री | ज |
| स | ह | च | र | ■ | अ | ग | र | त | ला | ■ | ■ | फं | सा | ना | ■ | श | ब | ■ | त | वा |
| ■ | स्त | र | ■ | प्र | वा | ह | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | म | ना | ई | ■ | र | ब | ■ | न |
| न | ■ | ण | ■ | जा | म | न | ग | र | ■ | ■ | घु | मा | ना | ■ | श | क | क | र | ना | ■ |
| ट | र | ■ | पा | प | ■ | ■ | ज | ■ | सु | ल | ता | न | ■ | डे | ■ | र | त | ना | व | ली |
| ना | ग | ■ | प | ति | त | पा | व | न | ■ | जी | ■ | द | स | ■ | क | ब | ■ | ला | ■ | प |
| ग | ड़ | ब | ड़ | ■ | न | क | द | ■ | द | ला | ल | ■ | र | स | म | ला | ई | ■ | आ | ना |
| र | ■ | त | बे | ला | ■ | शा | न | दा | र | ■ | च | म | क | दा | र | ■ | श्व | स | न | ■ |
| ■ | म | ला | ल | ■ | जा | ला | ■ | र | वा | ना | क | र | ना | ■ | बं | ज | र | ■ | न | त |
| प | ह | ना | ना | ■ | न | ■ | र | म | जा | न | ■ | दा | ■ | मो | द | क | ■ | स | फा | री |
| चा | क | ■ | ■ | ह | व | न | ■ | दा | ■ | क | मा | न | दा | र | ■ | ड़ | ■ | म | न | का |
| ना | ना | पा | टे | क | र | ■ | ग | र | म | ■ | न | गी | ना | ■ | अ | ना | व | र | न | ■ |

anumeya-08446302691



जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कच्ची घानी प्लांट वालों के खरीद दाम बढ़ाने से सरसों तेल - तिलहन में सुधार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***मंडियों में कम आवक के बीच कच्ची घानी की बड़ी पेराई मिलों द्वारा सरसों का खरीद दाम बढ़ाये जाने के कारण मंगलवार को सरसों तेल-तिलहन के दाम में मजबूती आई।***



इसके अलावा नीचे दाम पर किसानों की ओर से बिकवाली कम रहने के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम भी मजबूत रहे। गर्मी की फसल की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन तथा मूंगफली का दाम टूटने के बीच बिनौला तेल के दाम में गिरावट रही। विदेशों में गिरावट के कारण कामकाज सुस्त रहने के बीच सोयाबीन तेल तथा कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल स्थिर बने रहे।

मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में गिरावट है। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम टूटे हैं पर उसका अधिक असर यहां नहीं दिखा। किसानों की ओर से मंडियों में सरसों की आवक कमजोर बनी हुई है। ऐसे में सरसों कच्ची घानी की बड़ी पेराई मिलों ने सरसों का खरीद दाम 100 रुपये क्विंटल बढ़ाया है जो सरसों तेल-तिलहन में सुधार का महत्वपूर्ण कारण है।

उन्होंने बताया कि सोयाबीन तिलहन की भी बाजार में आवक कम है क्योंकि किसान नीचे दाम पर फसल बेचने को राजी नहीं हैं और कई वर्षों के बाद पहली बार उन्हें इस फसल के अच्छे दाम मिल चुके हैं जो सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से पर्याप्त अधिक है। इसके अलावा महाराष्ट्र में सहकारी संस्था नाफेड भी सूझ-बूझ के साथ नीचे दाम पर बेचने को तैयार नहीं दिखती। इन वजहों से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार है। कल रात शिकॉगो एक्सचेंज के लगभग पौने दो प्रतिशत मजबूत रहने की वजह से सुस्त कामकाज के बावजूद सोयाबीन तेल स्थिर बने रहे।

इसी प्रकार, औद्योगिक मांग रहने की वजह से देश में पाम-पामोलीन के दाम भी स्थिर रहे। सूत्रों ने कहा कि मूंगफली की गर्मी की फसल की आवक बढ़ने तथा कुछ दिन पूर्व मूंगफली के पुराने स्टॉक की सरकारी बिकवाली होने की वजह से आज मूंगफली तेल के दाम में लगभग 2.50 रुपये किलो की गिरावट देखी गई। मूंगफली तेल का थोक दाम 155 रुपये किलो से टूटकर 152.50 रुपये किलो रह गया। मूंगफली तेल के दाम टूटने का असर बिनौला पर भी आया और बिनौला तेल को भी गिरावट का सामना करना पड़ा।

विदशों में गिरावट और देश में औद्योगिक मांग रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल और सोयाबीन तेल के दाम स्थिर बने रहे।

सूत्रों ने कहा कि सरकार को यह विशेष ध्यान रखना होगा कि वह मूंगफली की बिकवाली न करे क्योंकि इसके दाम एमएसपी से नीचे चल रहे हैं।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः

सरसों तिलहन - 7,600-7,625 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,525-7,100 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,250 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,440-2,740 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,580-2,680 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,580-2,725 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,625 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,575 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,375 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,110-7,160 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,960-7,035 रुपये प्रति क्विंटल।

# भारत-अमेरिका के बीच उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता, समझौते के ढांचे में बदलाव पर चर्चा..

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***भारत और अमेरिका ने मंगलवार को उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता की, जिसका उद्देश्य अमेरिकी शुल्क नीति में बदलावों के बाद प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को नया स्वरूप देना और उसके ढांचे में बदलाव करना है।***




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

दोनों पक्ष 24 जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका की तरफसे सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर लगाया गया अस्थायी 10 प्रतिशत आयात शुल्क 24 जुलाई को ही समाप्त होना है।

ग्रीर की दो-दिवसीय भारत यात्रा के कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 17 जून को फ्रांस में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी।

वाणिज्य भवन में हुई इस वार्ता के दौरान वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और भारत के मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन भी मौजूद रहे।

इसके पहले दोनों देशों के व्यापार वार्ताकारों ने भी महीने की शुरुआत में दिल्ली में चर्चा की थी।

अमेरिकी दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार साझेदारी दोनों देशों के लिए लाभकारी है और इससे जहां अमेरिका में विनिर्माण रोजगार सृजित होंगे, वहीं भारत की आर्थिक वृद्धि को भी समर्थन मिलेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी ग्रीर के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने तथा नए अवसरों पर चर्चा की गई।

यह व्यापार वार्ता फरवरी में घोषित समझौते की रूपरेखा की समीक्षा पर केंद्रित रही। बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले और शुल्क नीति में बदलाव के कारण इस रूपरेखा पर असर पड़ा है।

पहले अमेरिका इस ढांचे के तहत भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमत हुआ था, जिससे भारत को वियतनाम एवं अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बढ़त मिलने की उम्मीद थी।

हालांकि, बाद में आए अमेरिकी अदालत के फैसले और ट्रंप प्रशासन द्वारा 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का अस्थायी शुल्क लगाए जाने से इस व्यवस्था पर असर पड़ा। इस वजह से दोनों पक्षों को समझौते के प्रमुख प्रावधानों पर पुनर्विचार करना पड़ा है।

अमेरिका ने दबाव बनाने के मकसद से 11-12 मार्च को भारत समेत करीब 60 अर्थव्यवस्थाओं पर धारा 301 के तहत दो जांच शुरू कर दीं। इनमें से एक जांच कथित अत्यधिक औद्योगिक क्षमता पर केंद्रित है, जबकि दूसरी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बंधुआ मजदूरी से जुड़े मुद्दों से संबंधित है।

भारत के लिए व्यापार समझौते में तरजीही शुल्क व्यवस्था हासिल करना अहम लक्ष्य बन गया है। इसका कारण यह है कि हालिया शुल्क बदलावों से आसियान देशों सहित अन्य प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले भारत का संभावित लाभ कम हो गया है।

रूपरेखा समझौते के तहत भारत ने अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और कई कृषि वस्तुओं–जैसे पशु चारा, मेवे, फल, सोयाबीन तेल, वाइन एवं स्पिरिट पर शुल्क घटाने या समाप्त करने का प्रस्ताव रखा है। दूसरी तरफ भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के ऊर्जा उत्पाद, विमान एवं उनके पुर्जे, कीमती धातु और प्रौद्योगिकी उत्पाद खरीदने की इच्छा जताई है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा। इस दौरान भारत का अमेरिका को निर्यात 0.92 प्रतिशत बढ़कर 87.3 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 15.95 प्रतिशत बढ़कर 52.9 अरब डॉलर हो गया। व्यापार अधिशेष घटकर 34.4 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले 40.89 अरब डॉलर था।

# कर छूट के बाद विदेशी निवेशकों ने भारतीय बॉन्ड में अबतक 35,000 करोड़ रुपये का निवेश किया..

मुंबई, (भाषा)।

***विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय बॉन्ड में लगभग 35,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सरकार के इन बॉन्ड में निवेश से होने वाली ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर आयकर से छूट दिये जाने के बाद यह निवेश हुआ है।***




भारतीय समाशोधन निगम लि. के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। ये सभी निवेश भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों के पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत किए गए। आंकड़ों के अनुसार, इसका कारण एफएआर प्रवासी निवेशकों को बिना किसी निवेश सीमा के भारत सरकार की तय अवधि वाली प्रतिभूतियों में निवेश करने की अनुमति देता है।

मंगलवार को एफएआर प्रतिभूतियों में विदेशी पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 3.58 लाख करोड़ रुपये थी, जो तीन जून को 3.23 लाख करोड़ रुपये थी।

इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने मई में 5,512.108 करोड़ रुपये और अप्रैल में 5,262.016 करोड़ रुपये का निवेश किया था। हालांकि, मार्च में 17,687.988 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी।

सरकार ने पांच जून को आयकर अधिनियम में संशोधन करने वाला एक अध्यादेश जारी किया, ताकि एफपीआई के पास मौजूद सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री, विनिमय और हस्तांतरण से होने वाली ब्याज आय और पूंजी लाभ पर कर छूट दी जा सके। यह छूट पिछली तारीख एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी। यह कदम सरकार द्वारा घरेलू बॉन्ड बाजार में अधिक विदेशी पूंजी आकर्षित करने और बाहरी दबाव के बीच रुपये को सहारा देने के मकसद से उठाया गया।

वर्तमान में, विदेशी निवेशकों को 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए सूचीबद्ध शेयरों और बॉन्ड पर 12.5 प्रतिशत का दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ कर देना पड़ता है, जबकि सरकारी बॉन्ड पर मिलने वाले ब्याज पर 20 प्रतिशत का 'विदहोल्डिंग' कर (स्रोत पर कर कटौती) लगता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने मौद्रिक नीति समीक्षा में एफएआर के तहत उपलब्ध प्रतिभूतियों के दायरे का विस्तार किया और इसमें 15-वर्षीय, 30-वर्षीय और 40-वर्षीय अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों के सभी नए निर्गम को शामिल किया।

केंद्रीय बैंक ने 'सामान्य मार्ग' के तहत एफपीआई निवेश के लिए अल्पकालिक निवेश और व्यक्तिगत प्रतिभूतियों से संबंधित सीमाओं को भी हटा दिया।

# भारत के सौर, आईटी उत्पादों से जुड़े उपायों के खिलाफ समिति गठित करेगा डब्ल्यूटीओ

नई दिल्ली, (भाषा)।

***विश्व व्यापार संगठन का विवाद निपटान निकाय मंगलवार को भारत के खिलाफसौर सेल, मॉड्यूल और आईटी उत्पादों से जुड़े उपायों को लेकर चीन द्वारा दायर मामले में एक समिति बनाने पर सहमत हो गया।***



एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चीन का आरोप है कि भारत के शुल्क और प्रोत्साहन उपाय चीनी सौर ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी उत्पादों के साथ भेदभाव करते हैं और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते हैं।

भारत ने इससे पहले मई में इस मामले में डब्ल्यूटीओ के तहत विवाद समिति बनाने के चीन के अनुरोध को रोक दिया था।

हालांकि, जिनेवा स्थित एक अधिकारी ने बताया कि विवाद निपटान निकाय ने चीन के दूसरे अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। यह अनुरोध मंगलवार को निकाय की बैठक के दौरान स्वीकार किया गया।

समिति अब यह तय करेगी कि भारत द्वारा कुछ खास उच्च प्रौद्योगिकी आयातित उत्पादों पर लगाए गए आयात शुल्क और सौर ऊर्जा उत्पादों के लिए कुछ प्रोत्साहन उपाय डब्ल्यूटीओ प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हैं या नहीं।

यह अनुरोध पिछले साल दिसंबर में चीन की तरफ से दायर विवाद पर आपसी सहमति से समाधान तक पहुंचने के लिए हुई द्विपक्षीय बातचीत के विफल होने के बाद किया गया है।

भारत ने चीन के दूसरे अनुरोध पर खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि डब्ल्यूटीओ के सीमित विवाद समाधान संसाधनों को वास्तविक और अनसुलझे व्यापारिक मुद्दों के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

भारत का कहना है कि चीन के साथ बातचीत के दौरान, उसने यह कहा था कि संबंधित उपाय डब्ल्यूटीओ समझौतों के तहत उसकी जिम्मेदारियों के अनुरूप थे। चीन ने आरोप लगाया है कि कुछ प्रौद्योगिकी उत्पादों पर भारत का शुल्क या आयात शुल्क और आयातित सामान के बजाय घरेलू उत्पादों के उपयोग जैसे उपाय चीनी सामान के साथ भेदभाव करते हैं।

चीन इन क्षेत्रों में उत्पादों का एक बड़ा निर्यातक है। उसने दावा किया था कि सहायता उपाय और प्रोत्साहन डब्ल्यूटीओ के शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौता 1994 (गाट), सब्सिडी और प्रतिपूरक उपायों पर समझौते, और व्यापार-संबंधित निवेश उपायों पर समझौते से जुड़े नियमों का उल्लंघन करते हैं।

भारत और चीन दोनों ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य हैं। अगर किसी सदस्य देश को लगता है कि किसी दूसरे सदस्य देश की नीति या योजना के तहत दी जा रही मदद से उसके कुछ सामान के निर्यात को नुकसान हो रहा है, तो वह 166 सदस्यों वाले इस बहुपक्षीय संगठन के विवाद निपटान व्यवस्था के तहत शिकायत दर्ज करा सकता है।

# तेलंगाना की केंद्र से खरीफ सत्र के लिए राज्य की उर्वरक की जरूरत पूरी करने की मांग..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***तेलंगाना सरकार ने मंगलवार को केंद्र से आग्रह किया कि वह चालू खरीफ सत्र में डीएपी और यूरिया की बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य की खाद की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करे।***



राज्य के कृषि मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव और सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने यहां केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक में यह मुद्दा उठाया। राव ने बताया कि खरीफ सत्र की शुरुआत के साथ ही राज्य में डीएपी और यूरिया खाद की मांग में काफी बढ़ोतरी हुई है।

राज्य सरकार की विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने केंद्र से आवंटित कोटे और वास्तविक आपूर्ति के बीच के अंतर को पाटने का अनुरोध किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राज्य को खाद की अपनी पूरी जरूरत मिल सके।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दालों और तिलहन की खरीद के संबंध में, मंत्री ने मांग की कि केंद्र 25 प्रतिशत खरीद सीमा को खत्म करे और समर्थन मूल्य पर पूरी उपज खरीदे।

राव ने यह भी मांग की कि केंद्र सरकार रिकॉर्ड उत्पादन के कारण थोक दरों में गिरावट के बीच एमएसपी पर मक्का और ज्वार की खरीद करे। उन्होंने बताया कि किसानों को समर्थन देने के लिए मक्का और ज्वार की खरीद में राज्य सरकार पहले ही काफी वित्तीय बोझ उठा चुकी है।

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ एक अलग बैठक में, राव ने मांग की कि केंद्र सरकार कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क को मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 44 प्रतिशत करे। शुल्क में कटौती से तेलंगाना में 'ऑयल पाम' किसानों को नुकसान हो रहा था, जहां खेती का दायरा तीन लाख एकड़ तक बढ़ गया है और इसमें 70,000 किसान शामिल हैं। राज्य सरकार अगले तीन वर्षों में इस क्षेत्र को 10 लाख एकड़ तक बढ़ाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। बयान में कहा गया है कि मंत्री ने चिंता व्यक्त की कि कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क में हालिया कटौती के कारण घरेलू पामतेल किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

मंत्री ने बताया कि आयात शुल्क में कटौती के कारण विदेशों से कम कीमत वाले पाम तेल की आवक बढ़ गई है, जिससे घरेलू बाजार में कीमतें गिर गई हैं।

# महिला श्रमिकों के असंगठित रोजगार में होने की संभावना पुरुषों से अधिकः ईएसी-पीएम अध्ययन

नई दिल्ली, (भाषा)।



भारत में महिला श्रमिकों के असंगठित रोजगार में होने की संभावना पुरुषों की तुलना में 4.8 प्रतिशत अंक अधिक है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के एक कार्यपत्र में यह जानकारी दी गई है। यह आंकड़ा मुख्य रूप से महिलाओं के अवैतनिक पारिवारिक कार्य, घरेलू कामकाज और घर-आधारित उत्पादन में अधिक हिस्सेदारी को दर्शाता है जहां पर अक्सर औपचारिक अनुबंध नहीं होते हैं।

भारत में श्रम बाजार के संगठित होने पर केंद्रित इस अध्ययन में कहा गया है कि शिक्षा संगठित रोजगार का सबसे मजबूत निर्धारक बनकर उभरी है। स्नातक और उससे अधिक शिक्षित श्रमिकों के असंगठित काम में लगे होने की संभावना अशिक्षित श्रमिकों की तुलना में 43.8 प्रतिशत अंक कम है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी से भी असंगठित रोजगार की संभावना 4.8 प्रतिशत अंक घटती है। महिलाओं के मामले में उच्च शिक्षा नियमित वेतन वाले रोजगार की संभावना बढ़ाती है और आकस्मिक श्रम पर निर्भरता घटाती है।

उद्यम स्तर पर डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल का सीधा संबंध सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के बेहतर प्रदर्शन से जुड़ा पाया गया है। आईसीटी अपनाने के सूचकांक में एक इकाई की वृद्धि से श्रम उत्पादकता 76 प्रतिशत तक बढ़ जाती है और उद्यम पंजीकरण की संभावना 83.4 प्रतिशत अंक बढ़ती है।

अध्ययन में कहा गया है कि आईसीटी के माध्यम से संगठित श्रम दायरे में आने का लाभ शहरी क्षेत्रों (85.7 प्रतिशत अंक) और सेवा क्षेत्र के उद्यमों (85.7 प्रतिशत अंक) में विशेष रूप से अधिक देखा गया। इसके अलावा, पंजीकृत उद्यमों को औपचारिक कर्ज तक पहुंच की संभावना 6.9 प्रतिशत अंक अधिक पाई गई, जिसका सकारात्मक प्रभाव विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में देखा गया।

हालांकि, महिला स्वामित्व वाले उद्यमों के लिए औपचारिक कर्ज तक पहुंच की संभावना पुरुषों की तुलना में 2.4 प्रतिशत अंक कम रहती है, लेकिन पंजीकरण की स्थिति में यह संभावना 5.6 प्रतिशत अंक तक बढ़ जाती है।

कार्यपत्र में यह भी रेखांकित किया गया है कि श्रमिक और उद्यम दोनों स्तर के सर्वेक्षणों को एक साझा विश्लेषणात्मक ढांचे में जोड़ने से श्रम बाजार की बेहतर समझ विकसित होती है। यह अध्ययन आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण 2025 और असंगठित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण, 2025 के आंकड़ों पर आधारित है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सचिव अशोक भाजीपाले को दी गई विदाई..







जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाड़ा में अगस्त 2021 से जून 2026 तक सेवाएं देने वाले पंचायत सचिव अशोक भाजीपाले का प्रशासनिक स्थानांतरण***

ग्राम पंचायत कुल्पा होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्री भाजीपाले के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग पांच वर्षों तक पंचायत के प्रशासनिक कार्यों का सफल संचालन किया तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में ग्राम विकास एवं जनहित से जुड़े अनेक कार्य संपन्न हुए। विदाई समारोह में सरपंच विजय लिल्हारे, उपसरपंच सत्यवान मेश्राम, रोजगार सहायक हितेश बड़ोले तथा समस्त पंचगण उपस्थित रहे। सभी ने अशोक भाजीपाले को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अशोक भाजीपाले का सरल स्वभाव, कार्य के प्रति समर्पण एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली हमेशा याद रखी जाएगी। ग्राम पंचायत परसवाड़ा परिवार ने उन्हें नई पदस्थापना ग्राम पंचायत कुल्पा में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ग्रामवासियों ने कहा कि सचिव अशोक भाजीपाले द्वारा पंचायत हित में किए गए कार्य लंबे समय तक याद रखे जाएंगे।

# खबर का असरः शासकीय विद्यालय में बिजली के तारों से लगे पेड़ों के छटाई के निर्देश

## एसडीएम की कार्यवाही को अभिभावकों ने सराहा..




सैकड़ों स्कूली बच्चों के लिए खतरा बने स्कूल गेट के पास खड़े ऊंचे पेड़

जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम पंचायत सावरी खुर्द स्थित शासकीय एकीकृत शाला के***

मुख्य प्रवेश द्वार पर खड़े 3 विशाल लिफ्टन के पेड़ सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए थे। पेड़ों की शाखाएं 11 केवी विद्युत लाइन और घरेलू बिजली तारों से टकराकर बार-बार शॉर्ट सर्किट और चिंगारियों की घटनाएं पैदा कर रही थीं। 19 जून को भी इसी कारण बच्चों को भय के चलते विद्यालय के बाहर रुकना पड़ा था। ग्रामीणों और अभिभावकों ने कई बार शिकायतें दर्ज कराई थीं, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने तत्काल संज्ञान लिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उन्होंने पंचायत और विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि जनहानि की आशंका को देखते हुए पेड़ों की कटाई-छंटाई की जाए और विद्युत लाइनों को सुरक्षित बनाया जाए।

पंचायत ने भी इस पर पंचनामा तैयार कर विद्युत विभाग को भेज दिया है, ताकि जल्द से जल्द कार्रवाई हो सके। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और समय रहते समाधान से किसी भी बड़े हादसे को टाला जा सकता है।

# श्रीमती कमला बाई बेदरे का निधन..



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम टेडवा (ठाकुर टोला )निवासी स्व रामचंद बेदरे की धर्म पत्नी व श्री शक्ति इलेक्ट्रिकल्स भानेगांव के संचालक महेश बेदरे की माताजी श्रीमती कमला बाई***

बेदरे का 80 वर्ष की आयु में 23 जून को 11.30 बजे निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज 24 जून दिन बुधवार को 11 बजे टेडवा मोक्षधाम में किया जाएगा। इनके निधन पर रिश्तेदारों और समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

# लोहारा निवासी सालिकराम की शिकायत पर एसडीएम को कार्यवाही के निर्देश..





जगप्रेरणा लांजी।

***प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 23 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर मृणाल मीना की***

अध्यक्षता में सभी विभागों के अधिकारी गण जनसुनवाई में उपस्थित हुये। इसी जनसुनवाई में लांजी क्षेत्र ग्राम लोहारा निवासी सालिकराम बिसेन अपनी व्यथा लेकर पंहुचे थे। आपने कलेक्टर बालाघाट से जन सुनवाई के माध्यम से गुहार लगाते हुये कहा कि मेरे बेटे मेरे साथ मारपीट करते है मेरा घर तोड़ दिया है। मजबूरन मुझे बेघर होकर बालाघाट रैन बसेरा में दिन गुजारने पड़ रहे है। बुजूर्ग पिता ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के अंतर्गत सहायता, वृद्धावस्था पेंशन बहाल एवं प्रताडित करने वाले बेटो पर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है। सालिकराम का कहना था कि उसके बेटो ने उसके साथ मारपीट तथा प्रताडित करके घर तोड दिया है और अब वह बेघर हो चुका है व रैन बसेरा बालाघाट में रहता है। इसके साथ ही उसे मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन योजना भी कुछ महीनों में बंद हो गई है। उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। कलेक्टर सहाब जल्द से जल्द में मेरी परेशानियों का निराकरण किया जाये। उक्त मामले को लेकर कलेक्टर मृणाल मीणा के द्वारा एसडीएम लांजी को अतिशिघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

## आशा कार्यकर्ता प्रणिता को नही मिल रहा नियमित नियुक्ति पत्र एवं मानदेय..

कलेक्ट्रेट कार्यालय में 23 जुन को हुई जनसुनवाई में ग्राम ठेमा निवासी प्रणिता शिवेदी आशा कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति दिलाए जाने की मांग लेकर पंहुची थी। प्रणिता का कहना था कि वर्ष 2022 में चयन एवं नियुक्ति पत्र मिलने के बाद भी उन्हें नियमित नियुक्ति एवं मानदेय का लाभ नहीं मिला है। इसके साथ ही अपर कलेक्टर के आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों को सौंपने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की गई है। अतः शीघ्र नियुक्ति प्रदान कर लंबित मानदेय दिलाया जाए। इस प्रकरण में कलेक्टर बालाघाट के द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# संत सुखदेव बाघमारे महाराज के निधन पर रविदासिया समाज ने किया शोक व्यक्त..



जगप्रेरणा लांजी।

***रविदासिया समाज के प्रमुख धार्मिक व्यक्तित्व, राष्ट्रीय संत शिरोमणि संत सुखदेव जी बाघमारे महाराज का रविवार 21 जून 2026 को पुणे में आकस्मिक निधन हो गया।***

उनके निधन की खबर से पूरे अखिल भारतीय रविदास समाज में गहरे शोक की लहर दौड़ गई है। संत सुखदेव जी बाघमारे महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय रविदास धर्म संगठन के रूप में समाज की सेवा कर रहे थे। वे तीसरे धर्म स्थान कात्रज, पुणे के संस्थापक भी थे। लंबे समय से समाज के धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक उत्थान के लिए अथक प्रयासरत रहने वाले संत महाराज ने हजारों अनुयायियों को सही मार्गदर्शन प्रदान किया।

उनकी सादगी, करुणा और समर्पणपूर्ण सेवा भावना के लिए वे पूरे रविदासिया समाज में अत्यंत सम्मानित थे। उनके निधन पर अखिल भारतीय रविदास समाज बालाघाट के जिला संचालक दिनेश चौहान ने अपने पदाधिकारियों के साथ संत महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री चौहान ने कहा,'संत सुखदेव महाराज का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने पूरे जीवन समाज की एकता, शिक्षा और धार्मिक जागृति के लिए कार्य किया। उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए हम सभी उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं।'

संत श्री सुखदेव जी बाघमारे महाराज के निधन पर अखिल भारतीय रविदास धर्म संगठन के जिला बालाघाट के संचालक एवं अखिल भारतीय भारतिय रविदास समिति तहसील लांजी के अध्यक्ष दिनेश चौहान, समिति के पदाधिकारीगण धर्मेन्द्र गोंधरे, फुलचंद भोडेकर, शिव खरोले, सतीश चौहान, लोकराम भोडेकर, राजु भोडेकर, धनराज भोडेकर, लाला टांडेकर, हेमराज चौरे, रामराज चौहान अधिवक्ता, नरेश चौहान, गोलु चौहान, परसराम बिंझलेकर तथा जिला एवं लांजी समिति के समस्त सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# 1 जुलाई से 'हमारे शिक्षक' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति होगी अनिवार्य..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए आगामी 1 जुलाई 2026 से 'हमारे शिक्षक' प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया***

गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा आदेश जारी कर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी शासकीय विद्यालयों, कार्यालयों तथा प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को प्रतिदिन डिजिटल माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

इस नई व्यवस्था का उद्देश्य उपस्थिति प्रणाली में पारदर्शिता लाना, कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना है।

लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि 'हमारे शिक्षक' प्रणाली के क्रियान्वयन से संबंधित निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के सभी कार्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों के समस्त शासकीय लोकसेवकों पर समान रूप से लागू होंगे। इसके अंतर्गत अधिकारियों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

आदेश में संबंधित कार्यालय प्रमुखों एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रमुखों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके अधीनस्थ सभी कर्मचारी 'हमारे शिक्षक' प्रणाली से जुड़े हों तथा उनकी उपस्थिति एवं अवकाश संबंधी प्रविष्टियां नियमित रूप से ऑनलाइन दर्ज की जाएं।

विभाग का मानना है कि इस डिजिटल व्यवस्था से कर्मचारियों की उपस्थिति का रियल टाइम रिकॉर्ड उपलब्ध होगा, जिससे प्रशासनिक निगरानी और कार्यप्रणाली में सुधार आएगा।

साथ ही अवकाश प्रबंधन एवं उपस्थिति संबंधी जानकारी का संधारण भी अधिक सुव्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से 1 जुलाई से पूर्व आवश्यक तकनीकी तैयारियां पूर्ण करने तथा 'हमारे शिक्षक' प्रणाली का उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि नई व्यवस्था का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सके।

# 28 जून को जिलेभर में चलेगा सघन पल्स पोलियो अभियान..

## 1.77 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा..

जगप्रेरणा बालाघाट।

पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के लिए बालाघाट जिले में आगामी 28 जून 2026, रविवार को सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो निरोधक दवा की दो बूंद खुराक पिलाई जाएगी। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि जिले में इस अभियान के अंतर्गत 1 लाख 77 हजार 56 बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभियान के अंतर्गत विकासखंड बैहर में 13,204, बिरसा में 15,926, कटंगी में 22,787, खैरलांजी में 13,941, किरनापुर में 18,939, लालबर्रा में 17,185, लामता में 18,577, लांजी में 17,331, परसवाड़ा में 13,401, रामपायली में 12,537, वारासिवनी में 3,247 तथा बालाघाट नगरीय क्षेत्र में 9,981 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

## जिले में बनाए गए 1792 पोलियो बूथ..

डॉ. उपलप ने बताया कि जन्म से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में 1792 पोलियो बूथ एवं टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं। अभियान के सफ्ल संचालन हेतु 3652 टीकाकरण कर्मचारियों तथा 225 पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य आवागमन स्थलों पर बच्चों को दवा पिलाने के लिए 38 ट्रांजिट टीमों तथा दूरस्थ एवं विशेष क्षेत्रों में पहुंचने के लिए 30 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पिलाई जाएगी दवा 28 जून को सभी पोलियो बूथों एवं टीकाकरण केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों को पोलियो निरोधक दवा की खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित समय के भीतर निकटतम पोलियो केंद्र पर अवश्य लेकर आएं।

## छूटे हुए बच्चों तक घर-घर पहुंचेगी टीम

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यदि किसी कारणवश कोई बच्चा 28 जून को पोलियो की दवा लेने से वंचित रह जाता है, तो 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान करेंगी और उन्हें पोलियो की खुराक पिलाएंगी। हालांकि विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे घर पर टीम के आने की प्रतीक्षा न करें और 28 जून को ही अपने बच्चों को दवा पिलाना सुनिश्चित करें।

## जनभागीदारी से बनेगा अभियान सफल

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ-साथ आसपास के बच्चों को भी पोलियो बूथ तक पहुंचाने में सहयोग करें। पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो रोधी दवा पिलाना आवश्यक है।

# एमपी ई - सेवा पोर्टल से घर बैठे मिल रही हैं शासकीय सेवाएं, नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश के नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं एमपी ई-सेवा मोबाइल एप संचालित किया जा रहा है।***

इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक अब घर बैठे विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

शासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार एमपी ई-सेवा पोर्टल पर राजस्व, कृषि एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, शिक्षा, नगरीय विकास, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यटन सहित अनेक विभागों की नागरिक-केंद्रित सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई गई हैं। इससे नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान हो जाती है।

पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र, लाइसेंस, कर संबंधी सेवाएं, योजनाओं की पात्रता जांच, ऑनलाइन आवेदन, आवेदन की स्थिति की रियल-टाइम ट्रैकिंग, डिजिटल प्रमाण-पत्र डाउनलोड सहित अनेक सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है। इसके साथ ही नागरिक अपने आवेदन की वर्तमान स्थिति भी ऑनलाइन देख सकते हैं।

एमपी ई-सेवा पोर्टल में सिंगल साइन-ऑन **(SSO)** एवं इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे आवेदन प्रक्रिया अधिक सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बन गई है। ऑनलाइन भुगतान एवं दस्तावेजों के डिजिटल प्रबंधन से समय और संसाधनों की भी बचत होती है।

राज्य शासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे एमपी ई-सेवा पोर्टल अथवा एमपी ई-सेवा मोबाइल एप के माध्यम से सिटीजन लॉगिन कर स्वयं आवेदन करें और विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त करें। शासन का मानना है कि डिजिटल माध्यम से सेवाओं की उपलब्धता से पारदर्शिता बढ़ेगी, प्रक्रियाएं तेज होंगी तथा नागरिकों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं प्राप्त होंगी।




# सिरपुर में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं किसानों का पंजीयन



जगप्रेरणा बालाघाट।

किसानों को रसायनमुक्त एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोडने् के उद्देश्य से राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत 23 जून 2026 को विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत सिरपुर में जागरूकता कार्यक्रम एवं किसान पंजीयन अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व, इसके लाभ तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले ने किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय में कृषि लागत कम करने, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग से भूमि की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जबकि प्राकृतिक खेती के माध्यम से स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

जागरूकता कार्यक्रम में किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, आच्छादन एवं वाफ्सा जैसी प्राकृतिक खेती की प्रमुख तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही गो-आधारित कृषि, जैविक संसाधनों के उपयोग, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा फ्सल विविधीकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से खेती की लागत में कमी आती है, मिट्टी की जैविक सक्रियता बढ़ती है तथा उत्पादित कृषि उपज की गुणवत्ता में सुधार होता है। इसके अलावा प्राकृतिक खेती जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में किसानों का राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत पंजीयन भी किया गया। पंजीकृत किसानों को विभाग द्वारा समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे प्राकृतिक खेती को सफ्लतापूर्वक अपनाकर लाभ प्राप्त कर सकें।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की कि वे प्राकृतिक खेती को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाएं। विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में इसी प्रकार के जागरूकता एवं पंजीयन कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक किसान प्राकृतिक खेती की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 205 फीट विश्व की सबसे ऊँची हनुमान प्रतिमा निर्माण हेतु महासंकल्प यात्रा 25 जून को होगी रवाना

## हनुमान जन्मस्थली किष्किंधा धाम से पावन रज एवं पंपा सरोवर का पवित्र जल लाकर लिया जाएगा दिव्य संकल्प



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत हिरापुर (भरवेली) में निर्मित की जा रही 205 फीट ऊँची विश्व की भव्य हनुमान प्रतिमा के निर्माण संकल्प को लेकर एक विशेष धार्मिक महासंकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।***

इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक अभियान के अंतर्गत 25 जून 2026 को सिद्ध पीठ विष्णुधाम मंदिर हिरापुर (भरवेली) से लगभग 500 से 600 श्रद्धालुओं का विशाल जत्था बसों द्वारा किष्किंधा धाम के लिए रवाना होगा।

आयोजन समिति के अनुसार इस महासंकल्प यात्रा का उद्देश्य भगवान हनुमान की जन्मस्थली मानी जाने वाली किष्किंधा धाम से पावन रज (पवित्र मिट्टी) एवं पंपा सरोवर का पवित्र जल लाकर 205 फीट ऊँची हनुमान प्रतिमा निर्माण के संकल्प को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करना है। यह यात्रा सनातन संस्कृति, आस्था और जनसहभागिता का एक अद्भुत संगम बनेगी।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम और हनुमानजी से जुड़े अनेक पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों

### महासंकल्प यात्रा का कार्यक्रम

25 जून 2026 को दोपहर 12 बजे सिद्ध पीठ विष्णुधाम मंदिर, हिरापुर (भरवेली) जिला बालाघाट से श्रद्धालुओं का विशाल जत्था किष्किंधा धाम के लिए रवाना होगा। 26 जून 2026 को श्रद्धालु किष्किंधा एवं हंपी धाम के दर्शन करेंगे, इसके पश्चात विरुपाक्ष मंदिर में पूजा-अर्चना, तुंगभद्रा नदी का पूजन एवं दर्शन तथा कोदण्ड राम मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। सायं 4 बजे किष्किंधा धाम का भ्रमण किया जाएगा। 27 जून 2026 को श्री हनुमान जन्मस्थली किष्किंधा धाम में विशेष दर्शन-पूजन के बाद पंपा सरोवर से पावन जल एवं पवित्र रज संग्रह की जाएगी। इसके उपरांत माल्यवंत राम मंदिर में दर्शन-पूजन कर सायं 4 बजे सिद्ध पीठ विष्णुधाम मंदिर, हिरापुर (भरवेली) के लिए वापसी प्रस्थान किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक महासंकल्प यात्रा को सफल बनाने तथा विश्व की भव्य हनुमान प्रतिमा निर्माण के इस ऐतिहासिक अभियान का सहभागी बनने की अपील की है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का भी प्रतीक बनेगी।

# परसवाड़ा में आंधी-तूफान और बारिश का कहर, कई घरों को नुकसान, बिजली व्यवस्था ठप..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***मंगलवार दोपहर बाद अचानक बदले मौसम ने परसवाड़ा क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। तेज आंधी, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई घरों की छतें और टीनशेड उड़ गए, जबकि अनेक मकानों और दुकानों को भी नुकसान पहुंचने की खबर है।***





जानकारी के अनुसार, परसवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 11-12 में निवासी विनोद भारद्वाज के मकान की पूरी छत गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं ग्राम सेरपार में तेज आंधी-तूफान के कारण ग्रामीण भूमेश टेंमरे के घर की सीमेंट शीट वाली पूरी छत उड़ गई। ग्राम सेरपार के वार्ड क्रमांक 20 में आवेश खान के मकान की छत गिरने की भी सूचना है। इसके अलावा सेरपार के वार्ड क्रमांक 18 निवासी शंकर पटले के घर की छत तथा उनकी दुकान का टीनशेड भी तेज हवाओं की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि तूफान के दौरान बड़े आकार के ओले भी गिरे, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। क्षेत्र के कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के बाद हुई मूसलाधार बारिश से एक ओर मौसम सुहावना हो गया और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर कई परिवारों के लिए यह बारिश मुसीबत बनकर टूटी। घरों की छतें उड़ने और अन्य नुकसान के चलते प्रभावित परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

आंधी-तूफान का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। सेरपार मार्ग पर तेज हवाओं के कारण बिजली के चार खंभों के तार टूट गए, जिससे परसवाड़ा क्षेत्र में घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बस स्टैंड के पीछे भी बिजली पोल के तार टूट गए, जबकि सेरपार में एक बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत सेरपार की सरपंच गायत्री सुधीर कुमरे के घर में लगा सोलर पैनल भी तेज आंधी की चपेट में आकर टूट गया।

शाम तक कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली थी, लेकिन अचानक आए इस मौसमीय बदलाव ने पूरे क्षेत्र के जनजीवन को प्रभावित कर दिया। प्रशासन और बिजली विभाग की टीमें व्यवस्था बहाल करने में जुटी रहीं। वहीं प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर उचित सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ 'आदिरंग शिल्पकार महोत्सव 2026' का समापन समारोह








अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***जनजातीय कार्य विभाग एवं राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'आदिरंग शिल्पकार महोत्सव 2026' का भव्य समापन समारोह 23 जून को भोपाल स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी), अचारपुरा, ईंटखेड़ी परिसर में संपन्न हुआ।***

कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय कलाकारों द्वारा निर्मित पारंपरिक शिल्प एवं कलाकृतियों को आधुनिक बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना, उन्हें डिज़ाइन नवाचार, प्रशिक्षण तथा विपणन के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना था।

समापन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट आतिथ्य में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. विद्या राकेश, प्रबंध निदेशक एनआईडी, रामलाल रौतेल, अध्यक्ष मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग, भगत सिंह नेताम, सदस्य मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग, मंगल सिंह धुर्वे, सदस्य मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग, विष्णु खत्री, विधायक बेरसिया, जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा तथा कमिश्नर तरुण राठी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं जनजातीय कलाकार उपस्थित रहे।

समारोह में जनजातीय कलाकारों द्वारा तैयार की गई उत्कृष्ट कलाकृतियों और शिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने कलाकारों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय कला, संस्कृति और हस्तशिल्प को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मध्यप्रदेश की अमूल्य धरोहर है। सरकार कलाकारों को प्रशिक्षण, विपणन एवं आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनके उत्पादों को नए बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनजातीय शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी शिल्पकारों को सम्मानित किया गया तथा कार्यशाला के माध्यम से प्राप्त अनुभवों और उपलब्धियों को साझा किया गया। महोत्सव ने जनजातीय कला एवं शिल्प को नई पहचान देने के साथ कलाकारों को व्यापक मंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# समस्याओं से संबंधित 120 आवेदनों का जनसुनवाई में किया गया निराकरण..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 23 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन***

अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एमआर कोल तथा एसडीएम गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 120 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।

बिरसा तहसील के ग्राम भडगांव निवासी काशीराम चिचाम राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत नर्सरी स्थापित करने के लिए बैंक ऋण अथवा सहायता राशि प्रदान किए जाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि वे आदिवासी वर्ग से हैं, 12वीं उत्तीर्ण हैं तथा नर्सरी संचालन का अनुभव रखते हैं, लेकिन आर्थिक संसाधनों के अभाव में कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं। काशीराम ने पर्यावरण संरक्षण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बांस नर्सरी स्थापित करने की इच्छा जताई है। साथ ही प्रशासन एवं संबंधित विभाग से शीघ्र वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि उनका स्वरोजगार का सपना साकार हो सके। इस प्रकरण में उत्तर सामान्य वनमण्डलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

वारासिवनी निवासी डॉ. युगेन्द्र राहंगडाले पड़ोसी गन्नालाल भगत के खिलाफ दीवार पर प्लास्टर कार्य में बाधा डालने की शिकायत लेकर आये थे। उनका कहना था कि उसके मकान में प्लास्टर का काम चालू है, कई बार मिस्त्री और मजदूर बुलाने के बावजूद उन्हें कथित रूप से डराकर भगा दिया गया। दीवार पर प्लास्टर न होने और पड़ोसी के प्लॉट में पानी भराव के कारण घर में सीपेज की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके चलते मकान की दीवारों और फर्श में दरारें आने के साथ नींव कमजोर होने की आशंका है। इस प्रकरण में सीएमओ वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम बहियाटिकुर निवासी श्यामलाल रंगारे अपनी स्वामित्व की भूमि पर अवैध नाली निर्माण हटाने की मांग लेकर आये थे। श्यामलाल का कहना था कि उसके स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि पर बने उसके मकान के सामने नाली निर्माण की गई है। इस नाली से गॉव भर का पानी आने से उसके मकान को क्षति पहुंच रही है। अतः शीघ्र इस नाली को बंद कराया जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ लालबर्रा को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम लोहारा के सालिकराम बिसेन माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के अंतर्गत सहायता, वृद्धावस्था पेंशन बहाल एवं प्रताडित करने वाले बेटो पर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग लेकर आये थे। सालिकराम का कहना था कि उसके बेटो ने उसके साथ मारपीट तथा प्रताडित करके घर तोड दिया है और अब वह बेघर हो चुका है व रैन बसेरा बालाघाट में रहता है। इसके साथ ही उसे मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन योजना भी कुछ महीनों में बंद हो गई है। उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। इस प्रकरण में एसडीएम लांजी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में ग्राम ठेमा निवासी प्रणिता शिवेदी आशा कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति दिलाए जाने की मांग लेकर आयी थी। प्रणिता का कहना था कि वर्ष 2022 में चयन एवं नियुक्ति पत्र मिलने के बाद भी उन्हें नियमित नियुक्ति एवं मानदेय का लाभ नहीं मिला है। इसके साथ ही अपर कलेक्टर के आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों को सौंपने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की गई है। अतः शीघ्र नियुक्ति प्रदान कर लंबित मानदेय दिलाया जाए। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बैहर चौकी कन्हारटोला निवासी ज्योति गायधने अपनी पुत्री कु. रिद्धी गायधने को सी.एम. राइज स्कूल बालाघाट में कक्षा नवमी (अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश दिलाए जाने की मांग लेकर आयी थी। ज्योति का कहना था कि रिद्धी ने अपोलो कॉन्वेंट स्कूल से कक्षा आठवीं 77 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है और अब वह अपनी पुत्री को सीएम राईज स्कूल बालाघाट में पढाना चाहती हैं। अतः रिद्धी को सीएम राईज बालाघाट में प्रवेश दिलाया जाए। इस प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में लालबर्रा तहसील के नेवरगाँव निवासी सुश्री डाली भगत आधार कार्ड में लिंग अपडेट न होने एवं आधार केंद्र द्वारा अवैध वसूली की शिकायत लेकर आयी थी। डाली भगत का कहना था कि उनके आधार कार्ड में फिमेल की जगह मेल दर्ज हो गया है। उनका कहना था की उन्होंने इसे सुधरवाने के लिए घेवरचंद्र चौहान सामुदायिक भवन वारासिवनी में 05 बार आवेदन किया परन्तु प्रत्येक बार उनसे अवैध रूप से अधिक शुल्क लिया गया। उनकी इस समस्या कों सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें डीईजीएम कों इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

लामता तहसील अंतर्गत ग्राम भोंडवा निवासी श्री दीनदयाल हिरेन्द्रवार खसरा नंबर 45 की 70म90 की भूमि दिलाने की माँग लेकर आये थे। दीनदयाल हिरेन्द्रवार का कहना था कि उनके खसरा नंबर 45 की भूमि में 70म90 कड़ी पर रामप्रसाद कावरे द्वारा कब्ज़ा कर लिया गया है। इसकी सूचना तहसीलदार व पटवारी कों भी उन्होने दी थी परन्तु उनके द्वारा कब्ज़ा हटाने कों लेकर कोई निश्चित तारीख न बताते हुए मामले कों टालने का प्रयास किया जा रहा है।

उनकी इस समस्या कों सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें तहसीलदार लामता कों इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

बालाघाट के वार्ड क्र. 21 निवासी श्री अशोक शुक्ला विगत 02 माह से अधिक समय से पेयजल आपूर्ति बंद होने के संबंध में शिकायत व उसके त्वरित निराकरण की मांग लेकर आये थे। अशोक शुक्ला का कहना था कि उनके निवास पर नगर पालिका द्वारा पिछले 02 माह से भी अधिक समय से पेयजल का पानी नहीं मिल रहा है जिससे वार्डवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। अतः शीघ्र पेयजल समस्या का निराकरण किया जाए। इस प्रकरण में सीएमओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

तिरोडी तहसील अंतर्गत ग्राम कोहका निवासी शेषकला पात्रता पर्ची प्राप्त नही होने की शिकायत लेकर आयी थी। शेषकला का कहना था कि उसने राशन प्राप्त करने के लिए कोहका पंचायत में ऑनलाईन आवेदन कर दिया है किंतु उसे अब तक राशन पर्ची की पात्रता पर्ची प्राप्त नही हुई है। इस प्रकरण जिला आपूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

बालाघाट शहरी क्षेत्र के निवासी शरद कुमार नागेश्वर अपने पुत्र मोहनीश नागेश्वर को शासकीय संदीपनी विद्यालय बालाघाट में कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाए जाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि उनका पुत्र मेथोडिस्ट मिशन इंग्लिश स्कूल से कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण कर चुका है, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे निजी विद्यालय की बढ़ी हुई फीस वहन करने में असमर्थ हैं। वह अपने पुत्र की शिक्षा निरंतर जारी रखना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने अपने पुत्र का प्रवेश सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में करने की मांग की है। इस प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

# नवीन लेखा प्रशिक्षण सत्र के लिये 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा जबलपुर संभाग के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से नवीन प्रशिक्षण सत्र के लिए निर्धारित प्रारुप में 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।***

***लेखा प्रशिक्षण***

शाला में लेखा प्रशिक्षण का नया सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ होगा और यह 31 अक्टूबर तक संचालित होगा। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर संभाग के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत ऐसे नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी, जो शासन द्वारा निर्धारित अर्हताओं को पूरा करते हैं, वे प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया ÷पहले आओ, पहले पाओ÷ के आधार पर की जाएगी। प्रशिक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 15 जुलाई को शाम 6 बजे तक शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, जबलपुर में जमा किए जा सकेंगे।

मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए यह प्रशिक्षण निःशुल्क रहेगा। वहीं, स्थानीय निकायों एवं अर्धशासकीय संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए 5 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसे चयन उपरांत प्रवेश के समय जमा करना होगा।

शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य ने संबंधित विभागों एवं कार्यालयों से अधिकाधिक पात्र कर्मचारियों तक इस सूचना का प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया है, ताकि वे प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकें।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भवभूति महाविद्यालय में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' उत्साहपूर्वक संपन्न..

### नियमित योग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य रहता है सुदृढ़: प्राचार्य डॉ. प्रल्हाद रहांगडाले..



**जगप्रेरणा आमगांव।**
स्थानीय भवभूति महाविद्यालय, आमगांव में 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (**NSS**) विभाग द्वारा और प्राचार्य डॉ. पी. के. रहांगडाले के मुख्य मार्गदर्शन में इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. रहांगडाले ने की। वहीं, मुख्य मार्गदर्शक एवं योग प्रशिक्षक के रूप में आमगांव स्थित 'आस्था पतंजलि आरोग्य केंद्र आमगांव' की संचालिका श्रीमती सुमनताई पटले तथा पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के प्रमाणित योग शिक्षक श्री सुरेंद्रकुमार भैय्यालालजी पटले उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस. एस. गायकवाड़ ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। उन्होंने अपने संबोधन में योग दिवस के औचित्य को रेखांकित करते हुए उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया तथा मंच संचालन का दायित्व भी निभाया।

### विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का व्यावहारिक प्रदर्शन..

योग शिक्षक श्री सुरेंद्रजी पटले ने उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को सबसे पहले 'ओंकार' ध्वनि के माध्यम से श्वास पर नियंत्रण रखने की तकनीक सिखाई। इसके बाद उन्होंने प्रत्यक्ष प्रदर्शन करते हुए वृक्षासन, ताड़ासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, वक्रासन, अर्धमंडुकासन, भुजंगासन, सेतुबंध आसन, पवनमुक्तासन और अर्धहलासन जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उपस्थित सभी लोगों ने अत्यंत उत्साह के साथ इन सभी योगासनों तथा कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, उद्गीथ, भ्रामरी आदि विभिन्न प्राणायामों का प्रत्यक्ष अभ्यास किया।

### योग, जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का माध्यम: प्राचार्य डॉ. रहांगडाले..

अपने अध्यक्षीय भाषण में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रहांगडाले ने दैनिक जीवन में योग के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा, 'शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति द्वारा नियमित योग साधना करना आज के समय की मांग है। नियमित योग से न केवल शरीर को, बल्कि मन को भी नई ऊर्जा मिलती है। इससे मनुष्य का जीवन स्तर ऊंचा उठता है और नैतिक स्तर में सुधार होता है।'

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं और गैर-शिक्षण कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी घटकों ने सराहनीय सहयोग दिया। अंत में, चाय-पान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## वन अधिकार आंदोलन का चौथा दिन:

# प्रशासन के खिलाफ फूटा आदिवासियों का गुस्सा, समाधान नहीं हुआ तो आत्मदाह की चेतावनी..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**
*अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 तथा नियम 2008 एवं संशोधित नियम 2012 के तहत* गठित सामूहिक वन अधिकार प्रबंधन समिति महासंघ का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लगातार उपेक्षा का आरोप लगाते हुए तीव्र नाराजगी व्यक्त की। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि गिरोला, पांढरी, खोलगढ़ और भजियादंड ग्रामसभाओं को जिला स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा सामूहिक वन अधिकार के अभिलेख प्रदान किए गए हैं। इसके बावजूद ग्रामसभाओं के अधिकार क्षेत्र में आने वाले तालाबों और अन्य संसाधनों पर प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

आंदोलनकारियों का कहना है कि बिजेपार क्षेत्र के विभिन्न तालाबों में वर्ष 2025 के आर्थिक सत्र के लिए मत्स्य बीज डाला गया है। यदि इन तालाबों का आवंटन किसी अन्य संस्था या विभाग को किया जाता है तो ग्रामसभाएं इसका विरोध करेंगी। महासंघ ने मांग की है कि ग्रामसभाओं के अधिकार क्षेत्र में आने वाले तालाबों की नीलामी तत्काल रद्द कर उन्हें वन अधिकार कानून के तहत गठित समितियों को सौंपा जाए। इस संबंध में जिलाधिकारी, सांसद, विधायक, पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला परिषद, गट विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों को कई बार ज्ञापन और पत्र सौंपे जा चुके हैं। आंदोलन में अध्यक्ष मंतूरा मरकाम, विश्वनाथ मेंढे, उत्तम चर्जे, प्रेमलाल वटी, जितेंद्र माहुले, भरत फुंडे, मेहतर भट्टी, व्यंकट शेंडे, रोहित वटी, प्रदीप मच्छरके सहित 45 ग्रामसभाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं।

आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण वन अधिकार समितियों के पदाधिकारी और ग्रामसभा सदस्य कई शासकीय योजनाओं से वंचित हैं। इसी कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

### दो दिन में समाधान नहीं तो आत्मदाह की चेतावनी..

आंदोलनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि दो दिनों के भीतर उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। उन्होंने यहां तक कहा कि मजबूर होकर सामूहिक आत्मदाह जैसा कदम उठाना पड़ सकता है। किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी।

### 78 वर्षीय अनशनकारी की बिगड़ी तबीयत, स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप..

आंदोलन के तीसरे दिन भी अनशन पर बैठे 78 वर्षीय रोहित नेताम की तबीयत बिगड़ने की खबर सामने आई है। आंदोलनकारियों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। एक वृद्ध अनशनकारी की लगातार खराब होती स्वास्थ्य स्थिति अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है और प्रशासन की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आंदोलनकारियों ने मांग की है कि शासन तत्काल हस्तक्षेप कर उनकी समस्याओं का समाधान करे, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया..

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433





**जगप्रेरणा आमगांव।**
*स्थित श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति में* योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक श्रीमती भौमिक मैम ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका कु. तेजश्विनी छपरिया ने उपस्थित शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती स्मृति छपरिया ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी को नियमित योग करने एवं इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के संकल्प के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन




आमगांव पोलिस स्टेशन में अतंरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया इस अवसर पर आमगांव पोलिस स्टेशन मे योग करती महिला पोलिस कर्मचारी।
छाया - प्रा.गणेश भदाडे

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### भरणे ज्वेलर्स मे हुई 60 हजार रूपये की चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/6/2026 के रात सहकार नगर तिरोडा मे फर्यादी रोहीत रामराव भरणे उम्र 31 वर्ष निवासी तिरोडा अपने घर पर थे। सुबह प्रशांत आगासे ने फोन कर जानकारी दी की आपकी भरणे ज्वेलर्स दुकान का शटर खुला है, फर्यादी ने तुरंत दुकान जाकर देखा तो शटर आधा खुला था तुरंत पुलिस को जानकारी दि गई। पुलिस आते ही दुकान के अंदर जाकर देखा तो दुकान से प्लास्टिक बॉक्स मे चांदी के गहने कीमत 30 हजार रुपये, दुकान के काऊंटर मे रखे सोने के बेसर कीमत 30 हजार रुपये कुल 60 हज़ार का माल चुराकर ले जाने से अज्ञात चोर के खिलाफपोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 613/2026 धारा 303, 2, 334,1, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी दडसपाटील पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### सेंट्रीग बल्ली हटाने की बात पर उतारा मौत के घाट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत खुन का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/6/2026 के दरम्यान रमाईनगर सालेकसा मे महिला फर्यादी उम्र 54 वर्ष के पती पतीराम मेहतर वट्टी उम्र 60 वर्ष निवासी सालेकसा ने आरोपी से कहा की तेरे मकान की सेंट्रिंग बल्ली आने जाने मे अडचन कर रही है, इसे हटाले तो आरोपी को गुस्सा आया और उसने गालीगलोच कर चाकू से मारा गंभीर मार लगने से उसकी मौत हो गई, फर्यादी के दिये बयान पर आरोपी नंदु बर्वे के खिलाफ पोस्टे सा लेकसा मे अपराध क्रमांक 312/2026 धारा 103,1, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोनी भूषण यादोराव बुराडे पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### घर के सामने से हुई बाईक चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/6/2026 की रात धामनेवाडा मे फर्यादी राजेश शंकर शानसरोदे उम्र 55 वर्ष निवासी धामनेवाडा ने अपने घर के सामने बाईक रखी थी। घटना के रात मे अज्ञात चोर ने शाईन किमत 60 हजार रुपये की चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 298/2026 धारा 303, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा शामकुमार देशपांडे पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

### अज्ञात महिला की रेल्वे पटरी के पास मिली लाश मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत खुन का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/6/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान सुर्याटोला रामनगर रेल्वे क्रासिंग गेट के पास एक अज्ञात महिला उम्र अंदाजन 35 वर्ष को कीसी ने गला काटकर जान से मारा है, फर्यादी के बयान पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 400/2026 धारा 103,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोनि प्रविण बोरकुटे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

# एकनाथ शिंदे की लीडरशिप पर भरोसा, पिपरिया में सैकड़ों नागरिक शिवसेना में शामिल

### पिपरिया में पूर्व विधायक सहषराम कोरोटे की मौजूदगी में भव्य पार्टी प्रवेश समारोह..

प्रा.राकेश रोकडे जगप्रेरणा सालेकसा।





*20 जून 2026 को, सालेकसा तालुका के मौजा पिपरिया में, महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री और शिवसेना पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे के जनहित, विकासोन्मुखी* और निर्णायक नेतृत्व में विश्वास जताते हुए, और महाराष्ट्र प्रदेश शिवसेना आदिवासी विभाग के अध्यक्ष और क्षेत्र के पूर्व **MLA** सहषराम कोरोटे के कुशल, जनोन्मुखी और संघर्षोन्मुखी नेतृत्व से प्रभावित होकर, पिपरिया जिला परिषद क्षेत्र के सैकड़ों युवा, महिलाएं, किसान और विभिन्न सामाजिक समूहों के नागरिक सार्वजनिक रूप से शिवसेना में शामिल हुए।

पिपरिया के ग्राम पंचायत चौक में आयोजित भव्य शिवसेना कार्यकर्ता सम्मेलन और पार्टी प्रवेश समारोह बड़े उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान, सैकड़ों नागरिकों ने शिवसेना का भगवा दुपट्टा पहनकर पार्टी में शामिल हुए और शिवसेना की विचारधारा के प्रति अपनी वफादारी जताई। मार्गदर्शन करते हुए, मौजूद बड़े लोगों ने राज्य में हो रहे डेवलपमेंट के कामों, आम लोगों के फायदे के लिए लिए गए फैसलों, आदिवासी और ग्रामीण इलाकों के डेवलपमेंट के लिए उठाए जा रहे अलग-अलग कदमों के बारे में जानकारी दी। शिवसेना पार्टी आम लोगों, किसानों, मजदूरों और युवाओं की पार्टी है और आने वाले समय में पार्टी की ताकत बढ़ाने के लिए हर वर्कर से गांवों में ऑर्गनाइजेशन को मजबूत करने की अपील की गई।

इस पार्टी एंट्री से पिपरिया जिला परिषद इलाके में शिवसेना पक्ष की ताकत काफी बढ़ गई है और आने वाले लोकल बॉडी इलेक्शन के बैकग्राउंड में इस पार्टी एंट्री को अहम माना जा रहा है। मौजूद नागरिकों ने राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की लीडरशिप में पूरा भरोसा जताया और शिवसेना को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

### कार्यक्रम उपस्थित मान्यवर:

कार्यक्रम प्रमुख रूप से युवको के आयकॉन अर्जुन सिंह बैस ज़िला प्रमुख युवा सेना, डॉ. योगानंद पर्किवार ज़िला प्रमुख शिवसेना मेडिकल एड सेल, दुर्गाताई टेकाम शिवसेना ट्राइबल डिवीज़न महिला आघाड़ी ज़िला प्रमुख, बलिराम कोटवार विधानसभा प्रमुख शिवसेना, विजय नागपुरे तालुका प्रमुख शिवसेना सालेकसा, जयपाल प्रधान तालुका प्रमुख शिवसेना देवरी, डॉ. राजेश कोकोटे तालुका प्रमुख शिवसेना मेडिकल एड सेल, मौजूद थे। युवा सेना के तालुका संगठक डॉ. सुनील पगरवार और ट्राइबल डिवीज़न के तालुका प्रमुख अविनाश उइके ने कड़ी मेहनत की। प्रोग्राम का आयोजन शिवसेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं, पिपरिया ने किया था। प्रोग्राम में इलाके के बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। पूरा इलाका भगवा रंग में रंग गया था और माहौल शिवसेना के नारों से गुंज उठा।

# 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत रेलवे सुरक्षा बल नागपुर की बड़ी कार्रवाई

### 42.86 लाख रुपये मूल्य का 85.720 किलोग्राम गांजा बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए गाड़ी संख्या 22974 पूर्णाक गांधीधाम एक्सप्रेस में दो अंतरराज्यीय तस्करों को भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

रेल मार्ग के माध्यम से प्रतिबंधित मादक पदार्थों, शराब, तंबाकू उत्पादों एवं अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल, राज्य पुलिस एवं अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार विशेष अभियान चला रहा है।

यह अभियान श्री चेतन दिलीपराव जिचकार, मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 21 जून 2026 को आरपीएफ नागपुर मंडल की गोंदिया एवं नागपुर विशेष टीम द्वारा एनडीपीएस ड्राइव के दौरान गाड़ी संख्या 22974 के बी-4 कोच में दो व्यक्तियों को चार ट्रॉली बैग एवं दो पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम नरहरी बेहेरा एवं कांटी चंदन डोरा, निवासी ग्राम कांसामारी, थाना पत्तोपुर, जिला गंजाम (ओडिशा) बताए। विधिवत तलाशी एवं जांच के दौरान उनके कब्जे से कुल 85.720 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 42,86,000 रुपये आंकी गई है। बरामद मादक पदार्थ एवं दोनों आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु जीआरपी इतवारी को सुपुर्द कर दिया गया।

जीआरपी द्वारा आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल यात्रियों से अपील करता है कि रेलगाड़ियों, रेलवे स्टेशनों एवं स्टेशन परिसरों में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध गतिविधि अथवा लावारिस सामान दिखाई देने पर तत्काल रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस, ट्रेन स्टाफ टीटीई अथवा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना दें, ताकि असामाजिक एवं तस्करी गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध प्रभावी एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोंस की जांच ■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

JAIN RESORT
जैन रिसॉर्ट्स
शांत, सुरम्य नवेगांव नागझिरा फॉरेस्ट के पास स्थित
Relaxation at its Peak




उपलब्ध सेवाएं..
■ शादी, रिसेप्शन, व अन्य छोटी बड़ी पार्टीयां सभी सुविधाओं के साथ..
■ लॉन व रिसॉर्ट 2 लाख फीट में..
■ सभी 80 रुम, 2 बेंक्वेट हॉल एसी
■ घराती बाराती 300 एवं मेहमानों की व्यवस्था..
■ स्वीमिंग पुल, भव्य गार्डन..
■ लिफ्ट सुविधा, 24 x 7 विद्युत सुविधा..
अन्य सभी सुविधाएं आवश्यतानुसार..कैटरींग, सजावट, फूल सजावट, स्टेज की व्यवस्था..
पता - गराड़ा, मुंडीपार, तहसील - गोरेगांव, जिला गोंदिया 441801 (महाराष्ट्र)
N-H- 753 गोंदिया से 17 किलोमीटर दूर..
संपर्क करें..
नमन जैन 9049223444
ऑफिस 9270175557

## गोंदिया जिले मे राज्य शासन की ढाई महीने मे प्रशासनिक सर्जरी..

# डॉ. मंगेश गोंदावले के स्थान पर अब मंदार पत्की गोंदिया के नए जिलाधिकारी..

### 2020 के आईएएस मंदार पत्की ऐसे आईएएस जिन्होंने बिना कोचिंग के पहली बार में ही यूपीएससी में प्राप्त की थी सफलता..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया जिले में बड़े ही आश्चर्यजनक ढंग से राज्य सरकार द्वारा ढाई महीने में ही प्रशासनिक सर्जरी करते हुए 05 अप्रैल 2026 को पदस्थ किये गए जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले का छत्रपति संभाजीनगर स्थित सिडको (न्यू टाउन्स) के***

मुख्य प्रशासक के पद पर स्थानांतरित कर वर्तमान में यवतमाल जिला परिषद के सीईओ के पद पर कार्यरत मंदार पत्की को गोंदिया का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि डॉ. मंगेश गोंदावले का अचानक ढाई महीने में ही तबादला कर दिया जाना एक बड़ा ही आश्चर्यजनक निर्णय माना जा रहा है, जिसके पीछे राजनीतिक कारण बताये जा रहे हैं। हांलांकि बीते दो महीने में डॉ. मंगेश गोंदालवे का प्रशासनिक कार्यकाल सराहनीय रहा, तथा उन्होंने निरंतर सक्रियता के साथ जिले के उत्थान के लिये प्रयास करना शुरु कर दिया था। सामान्य तौर पर नागरिकों और राजनीतिज्ञों को भी उनकी ओर से विशेष महत्व दिये जाने का प्रयास भी किया जा रहा था, तथा चूंकि वे पूर्व में उद्योग क्षेत्र में सेवाएं दे चुके थे, जिसका लाभ गोंदिया जिले में औद्योगिक विकास को प्राप्त होगा, ऐसी उम्मीदें थी, लेकिन इससे पहले की डॉ. मंगेश गोंदावले कुछ कर दिखलाते, उनका स्थानांतरण कर दिया गया है। अब गोंदिया जिले का प्रभार मंदार पत्की संभालेंगे।

### कौन है मंदार पत्की..


प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदार पत्की का पूरा नाम मंदार जयंतराव पत्की है। उनका जन्म 18 मई 1996 को हुआ था, महाराष्ट्र कैडर के 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने पुणे विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और बी.टेक की डिग्री प्राप्त की है। वर्तमान में, वे 2 जनवरी 2024 से यवतमाल जिले के ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले वे सहायक कलेक्टर और एसडीओ, सहायक सचिव और सहायक कलेक्टर के पदों पर रह चुके हैं। वे हिंदी और मराठी भाषाओं में निपुण बताये जाते हैं।

### बिना कोचिंग के यूपीएससी में प्राप्त की सफलता..

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष यूपीएससी की परीक्षा में शामिल होने के लिये देश के लाखों स्नातक परीक्षा देते हैं। इस परीक्षा को पास करने के लिये तथा यूपीएससी परीक्षा के माध्यम से आईएएस बनने का सपना देखने वाले युवाओं को रात और दिन पढ़ाई करते हुए कोचिंग संस्थानों से भी मार्गदर्शन की जरुरत पड़ती है, लेकिन जानकारी के अनुसार मंदिर पत्की ऐसे यूवा साबित हुए जिन्होंने एक तो पहली ही सफलता में यूपीएससी में सफलता प्राप्त की, वहीं सबसे बड़ी बात उन्होंने सेल्फ स्टडी के दम पर सफलता प्राप्त की, जो उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करती है।

# लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल, सहयोग हॉस्पिटल एवं जीडीसीडीए द्वारा भव्य रक्तदान शिविर 1 जुलाई को..

### अनेक संस्थाओं के सहयोग से डॉक्टर्स डे एवं सीए डे पर बनेगा अग्रेसन भवन में रक्तदान का बड़ा रिकार्ड..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***शासकीय अस्पतालों में आकस्मिक उपचार परिस्थितियों में कई बार मरीजों को नया जीवन देने के लिये रक्त की आवश्यकता होती है, तथा रक्त की सबसे बड़ी आपूर्ति हमेशा रक्तदान के सहयोग से ही हो पाती है। रक्त की***

ऐसी ही महत्ता के चलते तथा रक्त की आपूर्ति के लिये गोंदिया शहर में पहली बार अनेक सामाजिक संस्थाओं को संयुक्त प्रयासों से एक साथ लाने की पहल करते हुए शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल द्वारा 1 जुलाई 2026 डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के विशेष अवसर पर सहयोग हॉस्पिटल, गोंदिया डिस्ट्रीक्ट केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (जीडीसीडीए) के साथ मिलकर स्थानीय अग्रसेन भवन में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

01 जुलाई को आयोजित इस रक्तदान शिविर के संबंध में लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल की ओर से पूर्व अध्यक्ष रितेश अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, तथा इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शहर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में गोंदिया विधानसभा ग्रुप, नव्या नेचर केयर फाउंडेशन, गोंदिया डिस्ट्रिक्ट ब्रांच ऑफ आईसीएआई, श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति, श्री मारवाड़ी युवक मंडल, श्री कृष्ण गौरक्षण सभा, श्री पंजाबी शिक्षण संस्था, श्री राजस्थानी महिला मंडल, सोच सेवा संस्थान तथा लोहाना युवक मंडल सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं सहयोग प्रदान कर रही हैं, जिससे कि हम उम्मीद करते हैं कि सभी के संयुक्त प्रयासों से यह रक्तदान शिविर रक्तदान का एक रिकार्ड बनाने में सफल होगा।

आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदाताओं से रक्तदान की अपील लायंस क्लब गोंदिया रॉयल के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जीडीसीडीए के अध्यक्ष उत्पल शर्मा तथा सहयोग हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. सौरभ वर्धानी ने की है।

**आयोजकों ने कहा है कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकता है, इसलिये अधिक से अधिक संख्या में संपूर्ण जिले के लोग आगे आकर इस मेगा रक्तदान शिविर को सफल बनाएं। अधिक जानकारी के लिये ईच्छुक रक्तदाता 9423113454, 80873349 59, 9422830006, 93263200 03, 8698441739 पर संपर्क कर सकते हैं।**

## अधिकारियों और राईस मिलर्स की मिली भगत से

# गोंदिया जिले में करोड़ों का 'चावल घोटाला'?

### राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) के जिला कार्याध्यक्ष मिथुन मेश्राम ने की एसआईटी जांच की मांग..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले में राशन और सरकारी अनाज वितरण प्रणाली को लेकर एक बहुत बड़ा विस्फोटक आरोप 23 जून को शासकीय विश्राम गृह में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद चंद्र पवार) गुट के जिला कार्याध्यक्ष मिथुन मेश्राम ने लगाया है, तथा मिथुन मेश्राम ने जिले के सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) भंडारण, गुणवत्ता जांच, गोदाम मंजूरी और परिवहन प्रक्रिया में करोड़ों के कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

इस पूरे मामले की एसआईटी (विशेष जांच दल) के जरिए जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी राका शरद पवार के नेताओं ने की है। आरोप में राकां शरद पवार के नेताओं ने कहा कि गोंदिया जिले में गरीबों के हक के अनाज में बड़े पैमाने पर हेराफेरी और नियमों का उल्लंघन हो रहा है। बेहद संवेदनशील माने जाने वाले 'गुणवत्ता नियंत्रक' के पदों पर नियमों को ताक पर रखकर कनिष्ठ और अपात्र कर्मचारियों को बैठाया गया है, जो बिना असल जांच के ही टेबल पर बैठकर गुणवत्ता सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। लापरवाही और भ्रष्टाचार के मिश्रण के साथ राशन दुकानों और स्कूलों में निकृष्ट व कीड़े लगा चावल सप्लाई किया जा रहा है, जिससे गरीब जनता और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

आरोपों में राकां शरद पवार नेताओं ने कहा कि राइस मिल परिसरों में नियम न होने के बावजूद कुछ प्रभावशाली राइस मिलर्स को फायदा पहुंचाने के लिए निजी गोदामों को नियमबाहर मंजूरी दी गई है। जब गोदामों के सीसीटीवी फुटेज मांगे जाते हैं, तो जानकारी देने में टालमटोल की जाती है, जिससे पूरा मामला बेहद संदेहास्पद हो जाता है। राकां नेताओं ने यह भी कहा कि तय लिमिट से कहीं ज्यादा अनाज गोदामों में ठूंस-ठूंस कर भरा गया है, जिसमें बड़े आर्थिक फेरबदल की आशंका है।

### हमाली और परिवहन में भी बड़ा घोटाला!

मिथुन मेश्राम ने आगे कहा कि दिन-रात मेहनत करने वाले हमालों (मजदूरों) के हक पर भी डाका डाला जा रहा है। उनके खातों में सीधे पैसे जमा न कर दूसरे लोगों के खातों में पैसे ट्रांसफर किए जा रहे हैं, साथ ही, सरकारी गोदामों में अनाज उपलब्ध होने के बावजूद निजी गोदामों से अनाज उठाया जा रहा है, जिससे सरकारी अनाज सड़ने की कगार पर है।

### एसआईटी जांच हो..

राकां शरद पवार नेताओं ने कहा कि जिला आपूर्ति अधिकारी (जिला पुरवठा अधिकारी) और गुणवत्ता नियंत्रकों के कार्यकाल के दौरान हुए सभी व्यवहारों की एसआईटी जांच कराई जाए। अगर इस पूरे संवेदनशील मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो जनता के हक के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरेगी और एक व्यापक जन-आंदोलन खड़ा करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) गुट के जिला कार्याध्यक्ष मिथुन मेश्राम, तालुका अध्यक्ष घनश्याम कापगते और सचिव राहुल मोहुर्ले भी उपस्थित थे।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

## भाजपा गोंदिया शहर द्वारा मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि




**जगप्रेरणा गोंदिया।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गोंदिया शहर द्वारा आज भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 'बलिदान दिवस' के रूप में अत्यंत श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने उनके दिखाए मार्ग और राष्ट्र प्रथम के संकल्प पर चलने का आह्वान किया। इस स्मृति सभा में प्रमुख रूप से भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहित जी अग्रवाल, भाजपा रेल टोली मंडल अध्यक्ष ऋषिकांत जी साहू, जयंत जी शुक्ला, अमित जी बुद्दे, राजा जी कदम, राजू जी पटले, विनोद चांदवानी (गुड्डू), पुरु ठाकरे, मनीष पोपट, पारस पुरोहित, हर्ष उजवने, शिशिर मसानी, टीटू कालोया, राहुल स्वामी, महेंद्र स्वामी, सागर पैदलवार,विनायक नखाते सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जाहिर सूचना

सर्वसामान्य जनतेला या जाहीर सूचनेद्वारे कळविण्यात येते की, नगर परिषद गोंदिया च्या अभिलेखात खालील मालमत्तेची नोंद आहेः मूळ मालमत्ता धारकाचे नावः श्री / श्रीमती कुन्तीबाई राधेश्याम जोशी वार्ड क्रमांकः 6 वार्डाचे नावः मनोहरभाई मालमत्ता क्रमांकः 4 / 42 उक्त मालमत्ता धारकाचे निधन दिनांक 11/03/2014 रोजी झाले आहे. त्यांच्या निधनानंतर त्यांचे वारसदारः 1) अमृतलाल राधेश्याम जोशी 2) शांतीलाल राधेश्याम जोशी यांनी वारसा हक्काच्या आधारावर सदर मालमत्ता आपल्या नावे हस्तांतरित (नामकरण) करण्यासाठी नगर परिषदेकडे अर्ज सादर केला आहे। तसेच, सदर मालमत्तेच्या हस्तांतरणाबाबत जर कोणाचीही कोणत्याही प्रकारची हरकत, दावा किंवा आक्षेप असेल, तर त्यांनी ही सूचना प्रसिद्ध झाल्यापासून 15 दिवसांच्या आत आपली हरकत नगर परिषद कार्यालयात अधिकृत आणि प्रमाणित पुराव्यांसह लेखी स्वरूपात सादर करावी। मुदतीमध्ये कोणताही आक्षेप किंवा हरकत प्राप्त न झाल्यास, कायद्यानुसार पुढील हस्तांतरणाची योग्य ती कार्यवाही केली जाईल।

मुख्य अधिकारी
नगर परिषद, गोंदिया

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY | C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com